संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक **घटती घटना**

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 339- मंगलवार 14- अक्टूबर 2025, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## सोनिया गांधी ने वीरभद्र की प्रतिमा का किया अनावरण

# पीआर-इवेंटबाजी से दूर रहने वाले नेताओं की जरूरत : प्रियंका



**शिमला,13 अक्टूबर 2025।** हिमाचल के छह बार के सीएम रहे स्व. वीरभद्र सिंह की रिज पर लगी प्रतिमा का कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अनावरण किया। सोनिया ने रिमोट का बटन दबाकर प्रतिमा के सामने लगा पर्दा हटाया। पूरा शिमला वीरभद्र सिंह अमर रहे के नारों से गूंज उठा। इस दौरान, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने जो हिमाचल को जो रास्ता वीरभद्र सिंह और देश को महात्मा गांधी ने दिखाया, उस रास्ते पर चलने वाले बहुत कम नेता रह गए हैं। हमारे देश को आज सबसे ज्यादा जरूरत ऐसे नेताओं की है जो पीआर और इवेंट-बाजी से आगे बढ़कर इस देश के लिए काम करें। उन्होंने कहा...आज राहुल गांधी इसी विचारधारा के कारण निडर होकर सच बोलते हैं। अफसोस की बात केंद्र की सत्ता में बैठे लोग ऐसी राजनीति नहीं निभाते। केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा- हिमाचल में भारी बारिश से तबाही हुई। प्रदेश में लोगों के घर, खेत, पाठशालाएं बह गई,लेकिन केंद्र से अब तक मदद नहीं मिली। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा- बीजेपी की राजनीति चुनाव के लिए होती है। ये गलत ढंग की राजनीति है। उन्होंने महात्मा गांधी और वीरभद्र सिंह के दिखाए रास्ते पर चलने की अपील की। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की भी पीठ थपथपाई।

उन्होंने कहा...वीरभद्र सिंह के कण कण में हिमाचल था। हिमाचल की भलाई थी। हिमाचल की जनता थी। जनता को महसूस नहीं होता था कि ये मुख्यमंत्री और राजा हैं। जिस रास्ते पर वीरभद्र चले। यही परंपरा सीएम सुक्खू भी निभा रहे हैं। सादगी से जीवन जीते हैं। जनता के बीच जाते हैं। हमेशा जनता की बात सुनते हैं। सोनिया गांधी कार्यक्रम में जरूर पहुंची। मगर उन्होंने संबोधन नहीं किया।

सोनिया गांधी छह-सात सालों से इस तरह के सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रही है। मगर वह वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में फिर भी पहुंची। इस दौरान पूरा शिमला वीरभद्र सिंह अमर रहे के नारों से गूंज उठा।

### प्रियंका ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

प्रियंका गांधी ने कहा...अफसोस जो केंद्र की सत्ता में है,वो ऐसी परंपरा नहीं निभाते। हिमाचल में इतनी तबाही हुई,लेकिन केंद्र से मदद नहीं आई। हिमाचल में घर बह गए, पाठशालाएं बह गए, लेकिन केंद्र से आज तक मदद नहीं मिली,क्योंकि इनकी राजनीति सिर्फ चुनाव के लिए होती है। ये गलत ढंग की राजनीति है।

### वीरभद्र-महात्मा गांधी के दिखाए रास्ते पर चलना होगा : प्रियंका

प्रियंका गांधी ने कहा...हिमाचल के लिए खास प्रेम है। हमे इन वादियों को बचाना है। इन्हें सुरक्षित रखना है। यही हमारी अमानत है। आजकल राजनीति में कम मिसाल है। जो रास्त वीरभद्र सिंह ने हिमाचल की जनता को दिखाया, जो रास्ता महात्मा गांधी-पंडित नेहरू ने दिखाया,उस रास्ते पर चलना है। वो हमारी मूल विचारधारा है। हमारे देश को सबसे ज्यादा जरूरत ऐसे नेताओं की है। जो पीआर से आगे बढ़कर देश के हित व जनता के लिए काम करें। आज अगर राहुल गांधी निडर होकर सच बोलते हैं तो वे इसी विचारधारा को प्रकट करते हैं। इस देश को आज ऐसी राजनीति चाहिए जो देश के विकास को प्रतिबद्ध रहे।

# बिहार में कांग्रेस की 243 सीटों पर लड़ने की तैयारी



**पटना,13 अक्टूबर 2025।** सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में टूट के संकेत दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों की माने तो कांग्रेस ने अपने नेताओं से बिहार की सभी 243 सीटों पर उम्मीदवारों की लिस्ट मांगी है। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे अपने घर पर शकील अहमद,राजेश राम और कृष्णा अल्लावरू,नासिर हुसैन,केसी वेणुगोपाल के साथ मीटिंग की। कांग्रेस ने अपने सभी नेताओं को दिल्ली में रुकने के निर्देश दिए हैं। इधर,कांग्रेस की मीटिंग के बीच लालू ने अपने उम्मीदवारों को पार्टी का सिंबल बांटना शुरू कर दिया है। बेगूसराय के मटिहानी सीट से बोगो सिंह को आरजेडी का सिंबल मिला है। इसके साथ ही भोजपुर के संदेश से अरुण यादव के बेटे दीपू यादव को लालू प्रसाद ने पार्टी का सिंबल दिया है। परबत्ता से संजीव सिंह को भी सिंबल मिला है। वे जदयू से राजद में आए हैं। वहीं, पटना में तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी एक ही फ्लाइट से आए, लेकिन दोनों अलग-अलग बाहर निकले। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच बातचीत भी नहीं हुई।

**सहनी को 18 सीटों का ऑफर, उनमें 10 राजद कैंडिडेट होंगे :** कांग्रेस ने वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी को भी दिल्ली बुलाया गया है। सूत्रों की माने तो मुकेश सहनी को राजद ने 18 सीट का ऑफर दिया है। इन 18 सीटों मे से राजद ने 10 अपने उम्मीदवार बनाने की शर्त रखी है। यानी 8 उम्मीदवार मुकेश सहनी के होंगे और 10 उम्मीदवार राजद के होंगे, जो वीआईपी के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। कहा जा रहा है कि राजद ने क्लियर कर दिया है, अगर चुनाव लड़ना है तो इसी शर्त पर लड़ना होगा।

**राजद ऑफिस से उम्मीदवारों को गया फोन :** राजद ने नामांकन शुरू करने के लिए उम्मीदवारों को निर्देश दिया है। रविवार को राजद कार्यालय से पहले चरण के तहत उम्मीदवारों को जल्द से जल्द नामांकन के लिए कहा गया है। राजद ने उन सीटों पर नामांकन की तैयारी की है, जहां समझौते पर कोई विवाद नहीं है। बताया गया कि बैठक के बाद लालू परिवार आज शाम तक पटना वापस आएगा। इसके बाद पटना के एक पोलो रोड स्थित अपने आवास पर तेजस्वी यादव पार्टी नेताओं से साथ बैठक करेंगे।

## चैतन्यानंद 27 अक्टूबर तक हिरासत में रहेगा,जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली,13 अक्टूबर 2025।** दिल्ली की एक कोर्ट ने सोमवार को छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जब पीड़ितों की संख्या ज्यादा हो तो अपराध की गंभीरता कई गुना बढ़ जाती है। जिला न्यायालय की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दीप्ति देवेश ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस समय जमानत देने के लिए कोई ठोस आधार नहीं बनता। उनकी जमानत याचिका पर अब 27 अक्टूबर को सुनवाई होगी। तब तक वे न्यायिक हिरासत में ही रहेंगे। चैतन्यानंद के वकील ने दावा किया कि उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है। कुछ छात्राओं को डराया-धमकाया गया कि अगर वे शिकायत नहीं करेंगी तो उनकी स्कॉलरशिप कैंसिल कर दी जाएगी। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद को 27 सितंबर को आगरा से गिरफ्तार किया था। उस पर वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट (श्रीसीम) में 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण का आरोप है। उसे 28 सितंबर को 5 दिन की रिमांड पर लिया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 3 अक्टूबर को उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा था।

## ईडी ने कफ सिरप मौत मामले में श्रीसन फार्मा के सात ठिकानों पर की छापेमारी



**चेन्नई, 13 अक्टूबर 2025।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कफ सिरप से हुई मौतों से जुड़े मामले में सोमवार को श्रीसन फार्मा के चेन्नई स्थित ठिकानों और तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने जिन ठिकानों पर छापेमारी की है, उनमें तमिलनाडु औषधि नियंत्रण कार्यालय (ड्रग कंट्रोल विभाग) के शीर्ष अधिकारियों के आवास भी शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ दर्ज पुलिस शिकायतों का संज्ञान लेते हुए धन शोधन विरोधी कानून के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज होने के बाद की है। उल्लेखनीय है कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने की वजह से मध्य प्रदेश और राजस्थान में हाल के दिनों में 20 से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी है। इसकी वजह किडनी खराब होना रहा है। श्रीसन फार्मा कंपनी में कोल्ड्रिफ कफ सिरप का उत्पादन किया जाता है। इस मामले में कंपनी के मालिक 73 वर्षीय जी. रंगनाथन को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में 250 की मौत का दावा

### गाजा पीस डील के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे,1500 लोग घायल



**इस्लामाबाद,13 अक्टूबर 2025।** पाकिस्तान में गाजा पीस प्लान को समर्थन देने के खिलाफ पिछले पांच दिनों से प्रदर्शन जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक ने दावा किया है कि पुलिस की फायरिंग में अब तक उनके 250 से ज्यादा कार्यकर्ता और नेता मारे गए हैं, जबकि 1,500 से अधिक घायल हुए हैं। दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर कई पार्टियां नाराज हैं। टीएलपी चीफ साद हुसैन रिजवी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सरकार विरोधी, गाजा समर्थक और इजराइल विरोधी अभियान के तहत लाहौर से इस्लामाबाद तक लंबा मार्च किया। मार्च के दौरान रिजवी को भी 3 गोली लगी है। पार्टी के प्रवक्ता के मुताबिक, रिजवी की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें पास के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना कहां हुई या कितने लोग मरे हैं, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीएलपी प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी पंजाब के कई हिस्सों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और झड़पें जारी हैं।

# द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के रोडमैप पर सहमत हुए भारत-कनाडा,शीघ्र होगी मंत्रिस्तरीय वार्ता



**नई दिल्ली,13 अक्टूबर 2025।** भारत और कनाडा सोमवार को द्विपक्षीय संबंधों को दोबारा मजबूती देने के लिए रोडमैप पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि मौजूदा वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के संदर्भ में एक मज़बूत और लचीला भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंध आवश्यक है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने सोमवार को अपनी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद के साथ दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं की वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि दोनों देशों ने संबंधों को दोबारा गति देने के लिए पहले कुछ कदम उठाए थे। अब दोनों पक्षों ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आपसी सम्मान,क़ानून के शासन और संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के आधार पर भारत-कनाडा संबंधों के लिए एक नए रोडमैप पर आम सहमति बनाई है। इसके तहत दोनों देश आज की आर्थिक वास्तविकताओं और प्रत्येक देश की रणनीतिक प्राथमिकताओं से प्रेरित द्विपक्षीय व्यापार और निवेश पर मंत्रिस्तरीय चर्चा शीघ्र ही शुरू करेंगे। इसके अलावा कनाडा-भारत सीईओ फोरम की पुनः शुरुआत होगी। कनाडा-भारत मंत्रिस्तरीय ऊर्जा संवाद फिर से स्थापित होगा। संयुक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग समिति के दोबारा सक्रीय होगी। दोनों मंत्रियों ने वैश्विक मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। इसमें अधिक प्रभावी और समावेशी बहुपक्षीय संस्थानों को सुनिश्चित करने के लिए कार्य करना भी शामिल है। मंत्रियों ने सहमति व्यक्त की कि उनके उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास साझा, महत्वाकांक्षी एजेंडे को पूरा करने के लिए आर्थिक,राजनीतिक,रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता का क्रमिक रूप से उपयोग करते हुए संस्थागत क्षमता को मज़बूत करेंगे। ये प्रयास दोनों देशों के बीच विश्वास के पुनर्निर्माण और सहयोग को ठोस बनाने में योगदान देंगे। दोनों देश जलवायु कार्रवाई,पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन पर द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाएंगे। एलएनजी और एलपीजी के द्विपक्षीय व्यापार तथा तेल एवं गैस अन्वेषण और उत्पादन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा।

## ग्वालियर में अंबेडकर विवाद के बाद धारा 163 लागू,15 अक्टूबर के हर आयोजन पर रोक



**ग्वालियर,13 अक्टूबर 2025।** ग्वालियर हाई कोर्ट परिसर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर एक प्रेस कांफ्रेंस की गई। इसमें प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं,तो वे ग्वालियर की सड़कों पर बड़ा आंदोलन करेंगे। वकीलों ने भी कहा कि अगर प्रतिमा लगाने की मांग नहीं मानी गई, तो पूरे देश से वकील आकर सड़कों पर आंदोलन करेंगे। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद ग्वालियर जिला कलेक्टर ने जिले में धारा 163 लागू करने का आदेश दिया। आदेश के तहत अब सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के किसी भी तरह का प्रदर्शन,धरना, रैली,जुलूस या समारोह आयोजित नहीं किया जा सकेगा। किसी भी आयोजन के लिए सक्षम अधिकारी से मंजूरी लेना जरूरी होगा। एक ही अनुभाग में होने वाले कार्यक्रमों के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी से और एक से ज्यादा अनुभाग में होने वाले कार्यक्रमों के लिए अपर जिला दंडाधिकारी से स्वीकृति लेनी होगी। दलित संगठनों ने 15 अक्टूबर को प्रदर्शन की चेतावनी दी है। वहीं,ब्राह्मण और क्षत्रिय संगठनों ने भी शक्ति प्रदर्शन का एलान किया है।

कलेक्टर ने अपने आदेश में कहा कि आने वाले दिनों में जिले में कई पर्व, धार्मिक और राजनीतिक कार्यक्रम होंगे। लिहाजा,बाजारों और सड़कों पर भीड़ बढ़ सकती है। ऐसे में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हर तरह से मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है।

## भारत-पाकिस्तान सीमा के पास दो एके 47 राइफलें बरामद



**चंडीगढ़,13 अक्टूबर 2025।** त्योहारों के दौरान चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), अमृतसर ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ संयुक्त अभियान में तरनतारन के खेमेंकरण क्षेत्र के भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक से दो ए.के.-47 राइफल सहित तीन हथियारों का जखीरा बरामद किया है। बरामद किए गए हथियारों के इस जखीरे में एक पी एक्स 5 स्टॉर्म पिस्तौल, ए के-47 की मैगज़ीन और कारतूस भी शामिल हैं। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार की रात को बताया कि प्रारंभिक जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि ये हथियार पाकिस्तान से आए थे। उन्होंने कहा कि तस्करों की पहचान करने और इस तस्करी नेटवर्क के पीछे के लोगों व संबंधों का खुलासा करने के लिए आगे की जांच जारी है ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। एआईजी एसएसओसी अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने जानकारी दी कि बीएसएफ अधिकारियों को खेमकरण सेक्टर के अंतर्गत भारत-पाकिस्तान सीमा पर गांव महिदीपुर के पास सीमा पार से हथियारों की एक खेप आने संबंधी पुख्ता सूचना मिली थी।

## हमास ने इजरायली बंधक रिहा किए,ट्रंप ने कहा...अब शांति और तरक्की के लिए हो काम,पीएम मोदी ने की सराहना



**नई दिल्ली,13 अक्टूबर 2025।** गाजा में हमास ने सोमवार को तय कार्यक्रम के मुताबिक 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया। रिहा हुए ये लोग इजरायल पहुंच गए हैं। बदले में इजरायल ने भी फलस्तीनी कैदियों की रिहाई शुरू कर दी है। इजरायल को करीब दो हजार कैदी रिहा करने हैं। इजरायल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा युद्ध के खत्म होने का एलान किया है और इजरायल से अनुरोध किया है कि वह अपनी सैन्य सफलता को क्षेत्र में शांति लाने में इस्तेमाल करे। गाजा में बंधकों के रिहा होते ही तेल अवीव के होस्टेज स्क्वेयर पर जश्न शुरू हो गया। दसियों हजार लोगों ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का आभार जताया। यह लगभग वही समय था जब ट्रंप का विमान एयरफोर्स वन होस्टेज स्क्वेयर के ऊपर से गुजरते हुए नजदीक स्थित बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा था। ट्रंप की शांति योजना के मुताबिक इजरायल ने फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। बंधकों की रिहाई से घंटों पहले हजारों लोग गाजा के नजदीक स्थित इजरायली सेना के रेईम अड्डे के बाहर पहुंच गए थे।

**ट्रंप का शांति और तरक्की का आह्वान :** तेल अवीव में ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से वार्ता के बाद इजरायली संसद नेसेट को संबोधित किया। ट्रंप ने कहा, आकाश शांत है-बंदूकें आग उगलना बंद कर चुकी हैं-सायरन भी नहीं बज रहे हैं-पवित्र भूमि पर उग रहा सूर्य अब शांति चाहता है। इसलिए अब आतंकियों पर मिली जीत को मध्य-पूर्व की शांति और तरक्की में बदला जाना चाहिए। इस राह में कुछ रुकावटें आएंगी, हमें उन्हें सुलझाते हुए आगे बढ़ना है। ट्रंप ने कहा, शांति योजना के अनुसार हमास हथियार छोड़ेगा और गाजा की सत्ता से हटेगा।

**पीएम मोदी ने ट्रंप की सराहना की :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजरायली बंधकों की रिहाई का स्वागत किया है। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोशिशों को ईमानदार बताते हुए इन प्रयासों को पूरा समर्थन देने की बात कही है। पीएम मोदी ने कहा है कि बंधकों की रिहाई ट्रंप के अथक शांति प्रयासों और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संकल्प का प्रतीक है। गाजा में शांति प्रस्ताव पर बनी सहमति और बंधकों की रिहाई के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम दो साल से ज्यादा समय तक बंधक बनाए गए सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं।

# नए आपराधिक कानून बनाएंगे भारत में दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली : शाह



**जयपुर,13 अक्टूबर 2025।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार (रिफॉर्म) देश के तीन नए आपराधिक न्याय कानूनों का क्रियान्वयन है। इनके पूर्ण रूप से लागू होने के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक प्रणाली बन जाएगी। शाह ने विश्वास जताया कि इन कानूनों के जरिये लंबित मामलों में तेजी आएगी और न्याय अब वर्षों नहीं, समयबद्ध रूप से मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2027 से नई आपराधिक संहिताओं के तहत किसी भी एफआईआर के तीन वर्ष के भीतर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। शाह सोमवार को सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित नवीन आपराधिक कानूनों पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्गत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग तथा लगभग 9,315 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके साथ ही शाह ने विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए 260 करोड़ रुपये और दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरण भी किया। उन्होंने 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत पंजीकरण की शुरुआत की और महिला सुरक्षा व एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) से जुड़े वाहनों का फ्लैग ऑफ भी किया। अमित शाह ने कहा कि नए कानून लागू होने के बाद केवल एक वर्ष में ही देशभर में 50 प्रतिशत से अधिक मामलों में चार्जशीट समय पर दाखिल होने लगी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्ष में यह अनुपात 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि लाखों पुलिसकर्मियों, न्यायिक अधिकारियों, जेल कर्मचारियों और एफएसएल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया है।

### न्याय प्रणाली दंड की जगह न्याय से प्रेरित होकर काम करेगी

अमित शाह ने कहा...हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली दंड की जगह न्याय से प्रेरित होकर काम करेगी। पूरे देश में इसका सटीक क्रियान्वयन हो चुका है और गृह मंत्रालय के माध्यम से सभी राज्यों को सहायता और फॉलोअप करने के लिए भी मार्गदर्शन मिल रहा है। यहां राजस्थान के डीजीपी साहब बैठे हैं, राजस्थान वालों को मालूम नहीं है कि ये यहां आने से पहले इसी कानून को लागू करने के साथ जुड़े थे। राजीव शर्मा का बहुत बड़ा योगदान है इन कानूनों को देशभर में लागू करने में।

### शाह बोले...2027 के बाद 3 साल में न्याय मिल जाएगा

भजनलाल शर्मा ने यहां प्रदर्शनी लगवाई है, मेरा उनसे आग्रह है कि प्रदर्शनी का समय थोड़ा बढ़ा दीजिए और दीपावली के अगले दिन तक इसको कर दीजिए। मेरा आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े सभी लोगों से चाहे पुलिसकर्मी हो, चाहे वकील हो या वकील बनने वाले विद्यार्थी हों, सभी से अनुरोध है कि इस प्रदर्शनी को देखिए। आने वाले दिनों में हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में जो बड़ा परिवर्तन आने वाला है, उसे यह प्रदर्शनी सटीक तरीके से दिखा रही है। इसी के माध्यम से आप जान पाएंगे कि 160 साल पुराने कानूनों को समाप्त करके नरेंद्र मोदी, जो नए तीन कानून लाए हैं। इससे किसी भी एफआईआर देशभर में 2027 के बाद होगी, पूरी व्यवस्था लागू होते-होते-होते 2 साल और लगेंगे। लेकिन 2027 के बाद जो भी एफआईआर होगी, इसको तीन साल के अंदर ही सुप्रीम कोर्ट तक न्याय देने की व्यवस्था इस कानून से हो जाएगी।

## संपादकीय

### किपर स्टार्मर की भारत यात्रा : व्यापार निवेश और सुरक्षा में बढ़ती साझेदारी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किपर स्टार्मर की हालिया भारत यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी रिश्तों में हुए हाल में आई गर्मजोशी को आगे बढ़ाना था। इससे पहले गत जुलाई में दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर हुए थे। स्टार्मर के साथ यूके के कारोबारियों का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भारत आया था। ब्रिटिश सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि इस यात्रा के दौरान भारतीय कंपनियों द्वारा ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में करीब 1.3 अरब पाउंड के निवेश का वादा किया गया है। इसमें टीवीएस मोटर्स द्वारा इंगलैंड के उत्तरी हिस्से में विनिर्माण सुविधाओं के विस्तार की योजना भी शामिल है। टीवीएस मोटर ने 2020 में ब्रिटिश कंपनी नॉर्टन मोटरसाइकल का अधिग्रहण किया था। इस बीच भारत को उम्मीद है कि नई संयुक्त परियोजनाओं की बदौलत उसे उन्नत नवाचार तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। व्यापार सौदा भी भारतीय कंपनियों के लिए नए बाजार खोल सकता है। इसमें छोटे बाजार भी शामिल हैं। उदाहरण के लिए रत्न एवं आभूषण क्षेत्र जिसके अमेरिकी व्यापार नीतियों से सबसे अधिक प्रभावित होने की आशंका है, उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में वह यूके को अपना निर्यात दोगुना कर सकता है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने मुंबई में एक फिनटेक सम्मेलन को संबोधित किया। यह इस बात का संकेत है कि दोनों देशों के वित्तीय और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के बीच करीबी रिश्ते देखने को मिल सकते हैं। ब्रिटेन राजकोषीय मोर्चे पर दिक्कतों से जूझ रहा है और उसकी घरेलू अर्थव्यवस्था की लागत भी अधिक है। खासतौर पर बायोटेक और फिनटेक क्षेत्रों के साथ ऐसा है। इन क्षमताओं का प्रतिबिंब उन सहयोग योजनाओं की प्रकृति में दिखाई देता है, जिनका उद्देश्य भारत में जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार परिषद द्वारा संचालित संस्थानों तथा भारतीय विज्ञान संस्थान की सुविधाओं को उन्नत करना है। कुछ ऐसी बातें जो अतीत में भारत की प्राथमिकता रही हैं अब उन पर जोर नहीं दिया जा रहा है। उदाहरण के लिए लगता नहीं है कि भारतीयों को वर्क वीजा का मुद्दा बातचीत में दोबारा उभरेगा। इसके पीछे घरेलू राजनीतिक हालात को जिम्मेदार माना जा सकता है। ब्रिटेन पहुंचने वाले भारतीयों की संख्या पहले ही लगातार बढ़ रही है। 2021 से 2024 के बीच 8.50 लाख प्रवासी भारतीय वहां पहुंचे। इसके बजाय भारतीय और ब्रिटिश सरकारों ने अवैध प्रवासियों की वापसी को लेकर करीबी सहयोग पर सहमति जताई है।

हालांकि सीईटीए के उचित क्रियान्वयन को अंजाम देने के लिए अभी भी काफी कुछ करना बाकी है ताकि भारत की सूक्ष्म,लघु और मझोली कंपनियों सहित सभी कंपनियां इससे लाभान्वित हो सकें। पेशेवरों के लिए परस्पर मान्यता वाले समझौतों को अंतिम रूप देना जरूरी है। यह आसान नहीं होगा क्योंकि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं सेवा आधारित हैं। व्यापार में ई-गवर्नेंस और नियामक सहयोग पर किए गए वादों को पूरा करना भी आवश्यक होगा। ऐसा करके व्यापार समझौते का पूरा लाभ उठाया जा सकता है। सुरक्षा के क्षेत्र में भी आगे काम करने की जरूरत है। भारतीय नौसेना और रॉयल नेवी पहले भी संयुक्त अभ्यास कर चुके हैं। परंतु हिंद महासागर के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। खासतौर पर फ्रांस के साथ त्रिपक्षीय प्रारूप में ऐसा किया जा सकता है। ब्रिटेन ने बहरीन में अपने नौसैनिक अड्डे में निवेश बढ़ाया है तथा उम्मीद की जा रही है कि वे भारतीय नौसेना के सहयोग और समर्थन में समुद्री डकैती रोकने संबंधी निगरानी और अभियानों को और अधिक प्रभावी रूप से अंजाम दे सकेंगे। भारत-यूके साझेदारी भारत के नजरिये से सबसे कम तनावपूर्ण और सबसे अधिक पारदर्शी साझेदारियों में से एक बनी हुई है और इसके आर्थिक और सुरक्षा क्षेत्रों में और अधिक विस्तार की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं।

# विश्वास का वैश्विक सेतु और व्यापारिक समरसता का आधार



ललित गर्ग

विश्व मानक दिवस प्रत्येक वर्ष 14 अक्तूबर को मनाया जाता है। यह दिवस उस अदृश्य व्यवस्था का उत्सव है जो हमारे जीवन, उद्योग, व्यापार और सुरक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करती है। मानकीकरण केवल कोई तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विश्वसनीयता,सुरक्षा, पारदर्शिता और आपसी सहयोग की ऐसी बुनियाद है जो मानव जीवन की सहजता और स्थिरता का आधार बनती है। इस दिवस का उद्देश्य यह स्मरण कराना है कि किसी भी उत्पाद,सेवा या व्यवस्था की उपयोगिता तभी टिकाऊ और भरोसेमंद हो सकती है जब उसमें निर्धारित मानक और गुणवत्ता की कसौटी कायम हो। विश्व मानक दिवस उन हजारों विशेषज्ञों और कर्मयोगियों को सम्मान देने का भी अवसर है जो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बैठकर विश्व के हित में ऐसे मानक तय करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मानकीकरण की भूमिका पर जोर देना है, जो सबके लिए समान हों, निष्पक्ष हों और मानवता की सुरक्षा और प्रगति के लिए हों। यह दिवस 1946 में हुई पहली बैठक की याद में मनाया जाता है, जिसमें 25 देशों के प्रतिनिधि लंदन में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना के लिए एकत्र हुए थे,जो मानकीकरण पर अपने प्रयासों को केंद्रित करेगा। हालाँकि अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन का गठन किया गया था,लेकिन पहला विश्व मानक दिवस 1970 में ही मनाया गया। विश्व मानक दिवस का उद्देश्य जनता को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना है। अर्थात् स्वास्थ्य सेवा से लेकर तकनीक तक, लगभग हर क्षेत्र के उत्पादों और सेवाओं में सुरक्षा,विश्वसनीयता और गुणवत्ता। 2025 की थीम 'सहयोग' है,जो प्रगति को संभव बनाने के लिए साझेदारी के महत्व को दर्शाती है। यह सहयोग की शक्ति और इस विश्वास का प्रमाण है कि हम अपने-अपने हिस्सों के योग से भी अधिक शक्तिशाली हैं। साथ मिलकर काम करके, हम लोगों को स्थिरता की चुनौतियों का सीधा सामना करने के लिए वास्तविक समाधानों से सशक्त बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो ने इस वर्ष की थीम को 'सतत विकास लक्ष्यः लक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक साझेदारी' के रूप रखा है। एक बेहतर विश्व निर्माण के लिए साझा दृष्टिकोण का विशेष महत्व है,इस दिवस को मनाने का लक्ष्य उद्योग,नवाचार और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देना और उपभोक्ताओं,नियामकों और उद्योग के बीच मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

आज जब वैश्वीकरण,तकनीकी तीव्रता, जलवायु परिवर्तन,स्वास्थ्य संकट और आपूर्ति श्रृंखला जैसी जटिल चुनौतियाँ सामने हैं,तब मानकीकरण का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। मानक ही वह भाषा हैं जिनसे विश्व के देश एक-दूसरे को समझ पाते हैं। जब कोई वस्तु या सेवा एक निश्चित मानक के अनुरूप होती है,तो उसे किसी भी देश में स्वीकार किया जा सकता है। इससे व्यापार सहज होता है,उपभोक्ता का भरोसा बढ़ता है और देशों के बीच परस्पर निर्भरता मजबूत होती है। यही कारण है कि मानकीकरण को विश्व व्यापार की आत्मा कहा जाता है। इससे केवल आर्थिक लाभ नहीं होता,बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता,सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को भी सुनिश्चित करता है।

विश्व मानक दिवस के इस सन्देश के विपरीत आज की राजनीति में कई बार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं जो विश्व व्यापार और आपसी सहयोग की भावना को कमजोर करते हैं। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपनाई जा रही अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ नीति इसका उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रतिस्पर्धा के नाम पर आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाकर एक प्रकार से व्यापार युद्ध का वातावरण बना दिया है। यह नीति केवल व्यापारिक हितों को नहीं बल्कि वैश्विक संतुलन को भी प्रभावित कर रही है। टैरिफ की यह दीवारें देशों के बीच अविश्वास बढ़ाती हैं,कीमतों में वृद्धि करती हैं और आपूर्ति श्रृंखला को असंतुलित करती हैं। आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ने से उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है, उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ती है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गति धीमी पड़ जाती है।

विश्व व्यापार संगठन ने पहले ही चेताया है कि ऐसी टैरिफ नीतियाँ वैश्विक व्यापार वृद्धि को घटा रही हैं और निवेशकों में अस्थिरता पैदा कर रही हैं। टैरिफ केवल कर या शुल्क नहीं होते,वे राष्ट्रों के बीच विश्वास का संकेत भी होते हैं। जब कोई देश बार-बार अपने आर्थिक हितों की आड़ में ऊँचे शुल्क लगाता है,तो अन्य राष्ट्र प्रतिकार के रूप में अपने दरवाज़े बंद करने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि जो विश्व पहले एक साझा बाज़ार की ओर बढ़ रहा था, वह फिर से सीमाओं और अविश्वास की जंजीरों में बँधने लगता है। ऐसे में विश्व मानक दिवस यह सन्देश देता है कि दुनिया को जोड़ने का वास्तविक माध्यम व्यापारिक शुल्क नहीं बल्कि मानकीकरण है। मानक देशों को एक साझा धरातल प्रदान करते हैं, जहाँ उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा का विश्वास इतना मजबूत होता है कि किसी




अतिरिक्त शुल्क या रोक की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। मानकीकरण दरअसल विश्वास का पुल है जो सीमाओं के आर-पार लोगों,वस्तुओं और विचारों को जोड़ता है। जब एक देश दूसरे देश के मानकों को स्वीकार करता है,तो यह आपसी सम्मान और पारदर्शिता का प्रतीक होता है। इसी प्रक्रिया से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सरलता आती है,सुरक्षा और गुणवत्ता की गारंटी मिलती है और उपभोक्ता हित सुरक्षित रहते हैं। मानकीकरण की यह प्रक्रिया न केवल औद्योगिक या व्यापारिक है बल्कि यह मानवीय भी है। इसके मूल में समानता, निष्पक्षता और सहयोग की भावना निहित है। यह वह दर्शन है जो कहता है कि विश्व एक परिवार है और सबकी भलाई में ही अपनी भलाई है। अतः जब कोई राष्ट्र टैरिफ या प्रतिबंधों की दीवार खड़ी करता है,तो वह इस वैश्विक परिवार के बीच विभाजन की रेखा खींचता है। मानक उन रेखाओं को मिटाते हैं और संबंधों को जोड़ते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि मानकीकरण केवल औद्योगिक मंच तक सीमित न रहे, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय नीति का भी आधार बने। विश्व के सभी देश मानकों के निर्धारण में समान भागीदारी करें ताकि कोई भी राष्ट्र या कंपनी इस प्रक्रिया पर वर्चस्व न जमा सके। छोटे और विकासशील देशों को भी अंतरराष्ट्रीय मानक संस्थाओं में समान अवसर मिले ताकि वे अपने उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से वैश्विक व्यापार में समान रूप से शामिल हो सकें। इसके साथ ही प्रमाणन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना आवश्यक है ताकि छोटे उद्योग भी मानक के अनुरूप अपने उत्पादों को विश्व स्तर पर प्रस्तुत कर सकें।

विश्व मानक दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि मानवता की प्रगति केवल आर्थिक शक्ति में नहीं बल्कि उस सहयोग और विश्वास में है जो मानकीकरण के माध्यम से संभव होता है। अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ जैसी नीतियाँ क्षणिक राजनीतिक लाभ तो दे सकती हैं, पर वे विश्व के समन्वित विकास और आपसी विश्वास को नष्ट करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी राष्ट्र मानकीकरण की भावना को अपनाएँ और विश्व व्यापार को किसी प्रतिस्पर्धा या प्रतिशोध का माध्यम न बनाकर साझेदारी और साझा उन्नति का माध्यम बनाएँ। मानकीकरण ही वह अदृश्य तंतु एवं बुनियादी आधार है जो दुनिया को एकजुट रखता है। यह न केवल उत्पादन और व्यापार में गुणवत्ता लाता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में विश्वसनीयता और सुरक्षा का भाव जगाता है। विश्व मानक दिवस इस विचार का प्रतीक है कि जब तक हम समान मानकों और साझा मूल्यों से नहीं जुड़ते, तब तक विश्व की एकता अधूरी है।

### चक्रव्यूह ज्यों उलझता जा रहा सुसाइड प्रकरण

## समर शेष है,नहीं पाप का भागी केवल व्याध जो तटस्थ हैं,समय लिखेगा उनके भी अपराध

मैनेजमेंट का एक सीधा और सपाट फार्मूला है कि यदि छोटे नुकसान को भुगतने से बड़ा नुकसान टलता हो तो वह जोखिम उठा लेना चाहिए। समय की महता को ध्यान में रखकर लिया गया इस प्रकार का रणनीतिक निर्णय कई बार भविष्य के बड़े नुकसान से बचा जाता है। आप भी सोच रहे होंगे कि व्यंग्य की कक्षा के विद्यार्थी के श्रीमुख से आज नफा-नुकसान की चर्चा कैसे? अब एक नजर हरियाणा में चल रहे एक मामले पर डालते हैं। हरियाणा के एक वरिष्ठ आईपीएस वाई पूरन कुमार ने मंगलवार को कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली। चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित कोठी के साउंडप्रूफ कमरे में इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस को मौके से 8 पेज का सुसाइड नोट और 1 पेज की वसीयत मिली है। सुसाइड नोट में कुछ वरिष्ठ आईपीएस, आईएएस अधिकारियों व रिटायर्ड अधिकारियों के नाम हैं। इन पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए गए हैं। पूरन कुमार का 29 सितंबर को रोहतक स्थित सुनारिया पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में आईजी पद पर तबादला हुआ था। इससे पहले वे रोहतक रेंज के आईजी थे। पूरन कुमार ने 2 अक्टूबर को 2 दिन की छुट्टी ली थी। बुधवार को उन्हें ड्यूटी पर जाना था। इससे पहले उन्होंने आत्महत्या कर ली। सामान्य व्यक्ति द्वारा की गई ये आत्महत्या होती तो मामला कुछ घंटों या एक-दो दिन में निपट जाता, पर इस आत्महत्या ने तो केंद्र तक को हिलाकर रखा हुआ है। यहां तक प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी भी दो धड़ों में बंट नई परेशानी खड़ी किए हुए है। बड़े-बड़े अधिकारी मामले में अग्रणी हैं। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मृत एडीजीपी का परिवार डीजीपी शत्रुजीत कपूर और एसपी नरेंद्र बिजारणियां की गिरफ्तारी न होने तक पोस्टमार्टम न करवाने पर अड़ा है। सरकार के बड़े अफसरान से लेकर मंत्री समूह लगातार वार्ता पर वार्ता किए जा रहा है। परिणाम अभी भी जीरो है। इसी बीच जातिगत संगठनों और विपक्ष ने अलग से मोर्चा खोल दिया है। अब इस चक्रव्यूह से निपटा कैसे जाए, इसी के लिए नायब सरकार के अधिकारी दिन-रात लगे हुए हैं। चंडीगढ़ पुलिस ने 8 पेज के सुसाइड नोट के आधार पर एफआईआर तो दर्ज



कर ली है। पर इससे अभी एडीजीपी का परिवार संतुष्ट नहीं है। मृतक की पत्नी और वरिष्ठ आईएएस अमनीत पी.कुमार के अनुसार एफआईआर अधूरी है। अब होना क्या चाहिए था। इस पर भी चर्चा होनी जरूरी है। मामला बड़ा तो शुरू से ही था। मृतक वरिष्ठ आईपीएस, आरोपी भी वरिष्ठ आईपीएस और आईएएस। कहना आसान है कि सरकार यदि इस मामले में शुरुआत में ही गंभीरता दिखाती तो मामला इतना आगे नहीं बढ़ पाता। सरकार द्वारा एक साथ इतने बड़े प्रशासनिक अमले पर कार्रवाई के आदेश में देरी मामले को और बढ़ा गई। अब मामला धीरे-धीरे जातीय और राजनीतिक रंग ले जाता जा रहा है। ऐसे में परिवार की प्रमुख मांग आरोपी अधिकारियों की गिरफ्तारी होनी जरूरी बन रही है। इससे पीड़ित परिवार को एक बार संबल प्राप्त होगा। जांच होती रहेगी। संवेदनशील मामलों पर प्रशासन और सरकार सबसे पहले यही काम तो करते हैं। अब नाम बड़े अधिकारियों के हैं तो बात थोड़ी गंभीर है। पर जितना ज्यादा समय बढ़ रहा है। परेशानी उतनी ही और ज्यादा बढ़ रही है। चाणक्य नीति में साफ कहा गया है कि...

**नात्यन्तं सरलैर्भाव्यं**
**गत्वा पश्य वनस्थलीम् ।**
**छिद्यन्ते सरलास्तत्र कुब्जास्तिष्ठन्ति पादपाः ॥**

अर्थ है कि मनुष्य को अपने व्यवहार में बहुत ही भोलापन या सीधापन नहीं दिखाना चाहिए। ध्यान रहे वन में जो सीधे पेड़ पहले काटे जाते हैं, और जो पेड़ टेढ़े हैं वो खड़े रहते हैं। सरकार को चाहिए कि इस मामले में पुलिस प्रशासन को फ्री हैंड करें। जो तुरंत हो सकता।

## पत्थर के शब्द



संजीव ठाकुर
रायपुर,छत्तीसगढ़

धीरे-धीरे पत्थर बनता है मनुष्य,
हँसी फीकी पड़ती,
शब्द ठहर जाते,
अँधेरा भीतर घुस आता ,
और प्रेम भी सिर्फ
स्मृति में रह जाता।

ओस की बूँद जैसी
आँखें सूख जाती,
संध्या की धुंध में
मुस्कान खो जाती,
भीतर की नदिया जम जाती ,
और गूँज में शब्द ढँक जाते ,
पत्थर बनकर भी भीतर झरती
रहती नदी।
दरारें पड़ती हैं मन में,
हँसी लोहा बन जाती ,
धरती भी काँपती नहीं,
वह खुद कठोर पाषाण बन जाता,
मौन उसकी विद्रोही
प्रार्थना बन जाता।
धीरे-धीरे उसका जीवन
एक ठहराव में बदल जाता,
जहाँ संवेदना सूख जाती,
शब्द धूल बन जाते
और वह जीवित रहते हुए भी
अंदर से निर्जीव हो जाता।

फिर भी कहीं भीतर
एक धीमी धड़कन बच जाती,
जैसे पत्थर में फँसी नमी
कभी-कभी चमक दिखा देती,
याद दिलाती मनुष्य अब
भी कहीं,जी रहा ।

### कविता



प्रोफेसर शाम लाल कौशल

## सब कुछ है फिर भी कुछ नहीं

कभी आदमी झोपड़ी में रहता था
धूप और बरसात से दुखी होता था
आज उसके पास बहु मंजिला मकान है
सब कुछ है फिर भी उसके पास कुछ नहीं!
पहले उसके बच्चे अनपढ़ हुआ करते थे
सरकारी स्कूल में टाट पर बैठा करते थे
पैदल जाते थे और स्कूल से पैदल आते थे
आजकल बच्चे पब्लिक स्कूल में जाते हैं
वैन में जाते हैं और वैन से ही वापस आते हैं
फिर भी उनके चेहरे पर वह हंसी नहीं है।
पहले लोग रूखी सूखी खाकर गुजारा करते थे
आजकल ब्रेकफास्ट,लंच,डिनर करते हैं
फाइव स्टार होटल में पार्टियां करते हैं
फिर भी उनके चेहरे पर उदासी ही रहती है।
पहले लोग एक जगह से दूसरी जगह जाने के
लिए पैसेंजर ट्रेन में संडास के साथ जाते थे
आजकल अपनी गाड़ी या जहाज से जाते हैं
इसके बावजूद भी उनके चेहरे पर खुशी नहीं होती।
पहले जमाने में लोग एक दूसरे के यहां जाते थे
विवाह शादियों पर कई दिन ठहरा करते थे
विवाह शादियां अपने घर में हुआ करती थी
आजकल तो विवाह शादियां बैंक्विट हॉल में होती हैं
लड़की वाले भी और मेहमानों की तरह जाते हैं
बाराती शादी में आते हैं,शगुन
दे, खाना खा चले जाते हैं।
विवाह शादियों में खुशी नहीं,
औपचारिकताएं ही होती हैं।
पहले जमाने में लोग गर्मी में
नीम के पेड़ के नीचे बैठते थे
किसी कूलर या एसी से ज्यादा आनंद आया करता था
लेकिन आजकल कूलर और एसी बीमारियों का घर है
पहले लोग सादा खाना खाते थे और तंदुरुस्त रहते थे
आजकल बाहरी खाना खाकर लोग बीमार रहते हैं।
आज हमारे पास रब का दिया हुआ सब कुछ तो है
लेकिन सुख,शांति,सुकून और हंसी कहीं खो गई है।

## सॉरी मॉम



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

शहर के बीचोंबीच स्थित 'नवजागरण अपार्टमेंट' के सामुदायिक हाल में आज पहला अजूबा यह था कि सजावट शोक की थी और दूसरा अजूबा यह कि भाषण उत्सव वाले थे–गेहूँ की रंगत वाली एलईडी मोमबत्तियाँ,फूलों के कृत्रिम हार, और मंच पर रखी फोटो के आगे तीन अलग-अलग दानपेटियाँ–'श्रद्धांजलि फंड,' 'समाज सेवा फंड,' और 'कॉलोनी सुधार फंड'; जैसे दुख भी आजकल तीन किस्तों में वसूला जाता है और करुणा की रसीद थर्मल पेपर पर निकलती है। मैडम विमला सेठी के देहावसान पर सभा थी; वही विमला,जो साठ वर्ष तक कॉलोनी की नैतिकता की मुखिया रहीं–जो कहती थीं, सही बात कहनी चाहिए–ईवन इफ इट इज़ हर्ट्ज़,और फिर मौका मिलते ही व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी से प्रमाणपत्र जोड़ देती थीं कि सच वही है जो फ़ॉरवर्ड हो चुका है। उनके जीवन का आखिरी महीना अस्पताल और आरडब्ल्यूए के बीच शटल-कॉकर की तरह बीता–यह तय करने में कि आईसीयू में प्रवेश पहले किसे मिलेगा,बेटा,बहू,या 'लाइव कवरेज' के लिए मीडिया क्लब की सदस्या। हाल में बैठी महिलाएँ धीमे-धीमे स्वर में एक-दूसरे को समझा रही थीं कि विमला मैडम को सबसे ज़्यादा तकलीफ़ बीमारी से नहीं,'बहू-बेटियों की प्रतिद्वंद्विता' से थी–यानी घर की राजनीति ने कैंसर से भी तेज़ काम किया; जैसा परसाई कह जाते–व्यंग्य का काम है नक़ली दीवारों को थपथपाकर दिखा देना कि भीतर खोखला है। बड़ी बहू बोली–मम्मी चाहती थीं कि छुटकी ननद,जो कूड़ा-संस्कार के मुद्दे पर आरडब्ल्यूए में हमारे विपक्ष में वोट दे गई थी,कम-से-कम एक माफ़ी पोस्ट कर दे। बस,एक #सॉरीमॉम। छोटी ननद का पक्ष भी नायाब था–दीदी ने मुझे 'एमोशनल ब्लैकमेलर' लिखा था;अब परसाई होते तो कहते, यहाँ भावनाएँ नहीं, ब्लैकमेल स्थायी समिति है। मंच संचालक ने घोषणा की–मैडम का सपना था कि कॉलोनी में सौहार्द रहे। उसी क्षण तीनों दानपेटियों के पास तीन अलग वार्डन खड़े हो गए–एक ने गला खंखारकर कहा,सौहार्द के लिए अलग बजट है,करुणा के लिए अलग। करुणा का बजट, विडंबना से, सबसे छोटा था; जैसे इस समाज में संवेदना को हमेशा 'लाइट' पैक में बेचा जाता है–सामग्रीः कृत्रिम सुगंध,दो बूंद आँसू,एक मिनट का मौन। भाषणों में विमला मैडम की 'रील-प्रेरक' गतिविधियों का ज़िक्र हुआ–किस तरह उन्होंने दूधवाले को समय पर दूध न लाने पर 'लोकतंत्र' बचा लिया, किस तरह उन्होंने चौकीदार का वेतन रोककर 'भ्रष्टाचार' पर चोट की–वही मध्यमवर्गीय क्रांतिकारी कर्म, जिनका परसाई ने मज़ाक उड़ाते हुए सच दिखाया कि नैतिकता अक्सर वहाँ सबसे ऊँची टाँगी जाती है जहाँ सीढ़ी सबसे छोटी हो।

इसी बीच, चार्टर्ड अकाउंटेंट जमात का एक शख्स सामने उछला–जिन्होंने फूल चढ़ाए हैं, कृपया गूगल फ़ॉर्म भरें; ट्रस्ट को आँकड़े चाहिए कि दुख की औसत अवधि कितनी रही–ताकि अगले साल 'ग्रिफ काउंसिलिंग' की आरओआई बेहतर निकले। हाल तालियों से गूँज उठा;यह वह ताली थी जो करुणा के लिए नहीं, 'प्रोसेस इम्प्रूवमेंट' के लिए थी–जैसे शोक भी केपीआई के बिना भटक जाता है। एक कवि-समिति सदस्य ने कविता पढ़ी–दुख का डाटा विज़ुअलाइज़ करो,और पॉवरपॉइंट में बार-ग्राफ दिखा दिया कि कौन कितना टूटा–बेटे की टूटन 42, बहू की 37, नौकरानी की 3–क्योंकि उसका दुख श्रम-मानकों में शामिल नहीं होता। यह वही पब्लिक स्फेयर है जहाँ हास्य,राजकारण,और असहायता मिलकर आदमी को अपने ही किस्से का मसख़रा बना देते हैं–परसाई की चिनगारी आज भी इसी धूल में चमकती है। और देखिए,दुख की उपासना में भी ब्रांडिंग की सावधानियाँ थीं।

## चाहो जो संकट से बचना,चलाओ लाड़ला समधी योजना



मुकेश कबीर
विभूति फीचर्स

हमारे देश में लाड़ली लक्ष्मी,लाड़ली बेटी, लाड़ली बहना योजना बहुत चलती हैं, इतनी ज़्यादा चलती हैं कि इनके सहारे कई ऐसे नेता भी चल जाते हैं,जो खड़े होने लायक भी नहीं होते। इन योजनाओं के कारण जब न चलने वाले नेता भी चल जाते हैं तो ये योजनाएं भी चलती रहती हैं। और जैसे ही लगता है कि सरकार अब नहीं चल पाएगी तो फिर कोई लाड़ली योजना चला दी जाती है।

अब हमें तो समझ नहीं आता कि सिर्फ बेटी और बहना ही लाड़ली क्यों? जीजा,भाई,फूफा, समधी,समधन लाडले क्यों नहीं? इन्होंने कौन सा उधार खा रखा है सरकार का? जीजा का तो समझ आता है कि नखरेला होता है इसलिए वो तो लाड़ला हो नहीं सकता,आगे चलकर वो ही फूफा बन जाता है इसलिए वो भी लाड़ला नहीं हो सकता। फूफा तो करेला और नीम चढ़ा होता है इसलिए उससे तो सब वैसे ही दूर भागते हैं, जैसे जुरसिक पार्क में डायनासोर क़ो देखकर भागते थे। वैसे भी हमारे देश में मुन्नी के बाद सबसे ज़्यादा बदनाम कोई है तो वो फूफा ही है, उसकी कोई सुनता नहीं है फिर भी फूं फां बहुत करता है, इसलिए वैज्ञानिकों ने उसका नाम ही फूफा रख दिया। ठीक है जीजा या फूफा से लाड़ मत करो लेकिन समधी ने क्या बिगाड़ा है? लाड़ला समधी योजना तो चला ही सकते हैं। समधी वो चीज है जो हमारे घर में अपनी लाड़ली देता है। वो लाड़ली होती है इसलिए लड़ भी लेती है,लड़ना उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। वो लाड़ली है और उसकी लड़ाई की एक मूल वजह यह भी है कि हम समधी क़ो लाड़ नहीं करते,इसलिए लाड़ला समधी योजना की सख्त जरुरत है ताकि घर घर की कहानी ख़त्म हो सके। समधी को लाड़ला बनाईये,हर हफ़्ते उन्हें लाड़ली के घर जाने का संवैधानिक अधिकार दीजिये,उनका स्वागत सत्कार उसी तरह से करवाइये जैसे सरपंच साब पहली बार आपके घर आये हों। लेक़िन याद रहे कि हर बार पहली बार जैसा ही स्वागत सुनिश्चित किया जाए वरना यह भी याद रखें कि समधी भी किसी का फूफा है, जैसे सास भी कभी बहू थी वैसे ही समधी भी पहले फूफा था और फूफा क्या चीज है यह तो हम जानते ही हैं, पता है न? इसलिए समधी के अंदर से फूफा बाहर आये ऐसे काम ही न किये जाएँ, यदि ऐसा हुआ तो लक्ष्मी के अंदर से भी भवानी निकलने में देर नहीं लगेगी फिर भवन में रहना मुश्किल पड़ जाएगा। इसलिए सारी योजनाएं बंद करके लाड़ला समधी योजना शुरू की जाए, इसमें लाड़ली लक्ष्मी तो इनबिल्ड रहती ही है। यदि समधी खुश तो लाड़ली खुश और समधी नाराज तो रोग



लाइलाज,इस सूत्र को वैसा ही ब्रह्म वाक्य समझें जैसे पुलिस वालों के लिए देशभक्ति जनसेवा। सिर्फ इतना ही नहीं लाड़ला समधी योजना के अंतर्गत समधी जी की आरती भी रोज घर घर गवाई जाए जैसे दफ्तर दफ्तर वन्दे मातरम गवाया जाता है। साधो,अब त्रेता युग नहीं है जिसमे समधी अपनी लाड़ली के घर खाना नहीं खाता था, अब कलजुग है कलजुग। अब या तो समधी खाना खायेगा नहीं तो लाड़ली जान खा जायेगी, नाऊ यू हैव टू डिसाइड व्हाट् यू प्रेफर। देख लीजिये हमने अंग्रेजी भी बोल दी, अब भी आप नहीं समझें तो हमाई कोई गलती नइयाँ,हम जा से आगे कछु न के सकत। तो दद्दा याद रखो चाहो जो संकट से बचना,चलाओ लाड़ला समधी योजना।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटाराअम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# ग्राम पंचायत पेण्डरखी में वन अधिकार पट्टा घोटाले की शिकायत

## फर्जी पट्टों की जांच और निरस्तीकरण की मांग...

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के उदयपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पेण्डरखी और ग्राम मेन्डरी में वन अधिकार पट्टों को लेकर बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर सरगुजा को एक लिखित शिकायत सौंपकर ग्राम की वर्तमान सरपंच विसजो बाई और वन अधिकार समिति अध्यक्ष कलम साय के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, सरपंच और वन अधिकार समिति अध्यक्ष आपस में पति-पत्नी हैं और पिछले 10 वर्षों से वन अधिकार पट्टा दिलाने के नाम पर ग्रामवासियों से मोटी रकम वसूलते आ रहे हैं। आरोप है कि केवल अपने नजदीकी लोगों या अधिक धन देने वालों को ही वन अधिकार पट्टा जारी किया गया है, जबकि वास्तविक पात्र और 70-80 वर्षों से वन भूमि पर काबिज भूमिहीन आदिवासी आज भी उपेक्षित हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कई मामलों में जिस भूमि पर किसी अन्य ग्रामीण का वास्तविक कब्जा है, उस पर फर्जी तरीके से किसी और को पट्टा जारी कर दिया गया है, जिससे गांव में आए दिन विवाद और मारपीट की स्थिति बनती रहती है। यह स्थिति गांव में सामाजिक अशांति का कारण बन रही है। एक अन्य गंभीर शिकायत के तहत यह भी आरोप लगाया गया है कि ग्राम पेण्डरखी के पट्टों के आधार पर राजस्व अभिलेखों में फर्जी प्रविष्टियां कराई गई हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वन अधिकार पट्टों के नाम पर राजस्व रिकॉर्ड जैसे बी-1 और खसरा में पट्टाधारियों का नाम भूमि स्वामी के रूप में दर्ज करवा दिया गया है। इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने इस फर्जी रिकॉर्ड के आधार पर बैंकों से भारी मात्रा में ऋण भी ले लिया है। शिकायत में कई भूमियों के खसरा नंबर और फर्जी पट्टाधारियों के नामों का उल्लेख करते हुए इन सभी प्रविष्टियों की उच्च स्तरीय जांच और निरस्तीकरण की मांग की गई है।



### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने समस्त वन अधिकार पट्टों की सूक्ष्म जांच कर फर्जी और अवैध रूप से जारी पट्टों को तत्काल निरस्त किया जाए। सरपंच और वन अधिकार समिति अध्यक्ष के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की जाए। वास्तविक पात्रों को न्याय दिलाने के लिए नए सिरे से प्रक्रिया आरंभ कर सभी योग्य आदिवासी ग्रामीणों को विधिसम्मत तरीके से वन अधिकार पट्टे प्रदान किए जाएं। फर्जी पट्टों के आधार पर राजस्व रिकॉर्ड में की गई अवैध प्रविष्टियों को रद्द किया जाए और संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जाए।

# नाबालिग से चोरी का माल बरामद होने से पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर न्याय बोर्ड न्यायालय में पेश किया

-संवाददाता-
बलरामपुर, 13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।






कुसमी थाना के क्षेत्रांतर्गत कपड़ा दुकान से चोरी हुये माल मशरूका को थाना कुसमी पुलिस ने विधि से संघर्सरत बालक से किया बरामद, दिनांक 11/10/25 को प्रार्थी शाहजहां पिता मो. मोकिम उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम कृष्णानगर कसमार थाना कुसमी के द्वारा थाना कुसमी उपस्थित आकर इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10/10/2025 को रोजाना की तरह शाम करीब 7.30 बजे दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। दुसरे दिन दिनांक 11/10/2025 को सुबह करीब 09.00 बजे न्यू बाम्बे सेल दुकान का संचालक इसे फोन करके बताया कि आपके दुकान का शटर का ताला टुटा है और दुकान का शटर आधा खुला हुआ है। दुकान आकर देखा तो दुकान का शटर का ताला टुटा हुआ था, अंदर प्रवेश कर देखा तो बिक्री करने हेतु दुकान में रखा रेडीमेड कपड़ा साड़ी, जींस, लोवर, कुर्ती, टाप, शूटपीश, सर्ट, दुपट्टा, ब्लाउज, बैग 05 नग एवं ट्राली बैग छोटस बड़ा सभी सामानो का कीमत करीब 38000रूपये एवं काउन्टर में रखा नगदी रकम करीब 2000रूपये कुल 40000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना कुसमी में उपरोक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान संदेही विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर चोरी का अपराध करना स्वीकार करने पर विधि से संघर्षरत बालक से चोरी गये माल मशरूका को बरामद करते हुये संघर्षरत बालक का अभिरक्षा पत्रक दिनांक 13/10/2025 के 11.00 बजे तैयार कर न्यायिक रिमाण्ड पर किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय रामानुजगंज पेश किया गया।

# गांधी चौक प्रीमियम शराब दुकान के बाहर दो शराबी ने मचाया उत्पात

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।




शहर के गांधी चौक स्थित प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान इन दिनों नशेड़ियों का अड्डा बनती जा रही है। रविवार देर रात इस दुकान में शराब नहीं मिलने से बौखलाए दो युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। शराब न मिलने पर दोनों युवकों ने पहले दुकान पर पथराव किया और फिर वहां तैनात गार्ड की बाइक में तोड़फ़ोड़ कर दी। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गौर करने वाली बात यह है कि जिस शराब दुकान पर यह उपद्रव हुआ, उसके ठीक बगल में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल और एडिशनल एसपी का बंगला है। इसके बावजूद नशेडि़यों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे सरकारी सुरक्षा व्यवस्था की परवाह किए बिना खुलेआम उपद्रव कर रहे हैं। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। दो युवक रात करीब 10 बजे के बाद स्कूटी से शराब लेने पहुंचे हैं। दुकान बंद होने के कारण दोनों आक्रोशित हो गए।

युवकों ने पहले सडक़ किनारे लगी सुरक्षा गार्ड की बाइक को उठाकर पटक दिया। इसके बाद दुकान में पत्थराव करते सीसीटीव में दिख रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह प्रीमियम शराब दुकान खुलने के बाद से यहां शराबियों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। देर रात तक दुकान के आसपास नशे में धुत युवक घूमते देखे जा सकते हैं। शराब दुकान के कारण गांधी चौक जैसे संवेदनशील इलाके में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। मामले में आबाकारी अधिकारी एलके गायकवाड़ ने बताया कि रविवार की रात को दो युवकों द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है। विभाग के दारोगा मामले की शिकायत गांधीनगर थाने में की है।

# युवक ने शादी का झांसा देकर कॉलेज छात्रा से किया दुष्कर्म न्यूड वीडियो और 40 अश्लील फोटो-वीडियो से किया ब्लैकमेल

-संवाददाता-
सूरजपुर, 13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

बिलासपुर में कॉलेज छात्रा से सूरजपुर के युवक ने पहले दोस्ती की, जिसके बाद उसे प्यार करने का वादा किया। फिर शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने युवती का अश्लील वीडियो बना लिया फिर उसे ब्लैकमेल कर लगातार शारीरिक शोषण करने लगा। यही नहीं युवती जब प्रेग्नेंट हुई, तब युवक ने धमका कर उसका गर्भपात भी करा दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। टीआई निलेश पांडेय ने बताया कि 19 साल की लड़की कॉलेज की छात्रा है। वहीं, सूरजपुर के मानपुर थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद के पास रहने वाला साजिद अहमद (25) पिता मुस्ताक अहमद भी सरकंडा क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। करीब साल भर पहले युवक-युवती की पहचान हुई, जिसके बाद युवक ने सोशल मीडिया के जरिए उससे बातचीत शुरू की। इस दौरान उनके बीच दोस्ती हो गई। फिर युवक ने युवती से प्यार का इजहार किया और शादी करने का वादा किया। युवती भी उसकी बातों में आ गई।



**किराए के मकान में ले जाकर किया दुष्कर्म, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल** : युवती ने पुलिस को बताया कि फरवरी माह में युवक उसे घुमाने के बहाने ले गया। इस दौरान उसे सरकंडा क्षेत्र के अपने किराए के घर में ले गया, जहां शादी करने का झूठा वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने चुपके से अपने मोबाइल पर युवती का अश्लील वीडियो बना लिया।

**40 फोटो-वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल** : आरोपी साजिद ने युवती का अलग-अलग 40 फोटो वीडियो बनाया, जिसे सोशल मीडिया और उसके परिचितों के पास भेजकर उसे बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा, जिसके बाद लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाते रहा, जिससे युवती प्रेग्नेंट हो गई

### शादी का दबाव बनाने पर जान से मारने दी धमकी

युवती ने प्रेग्नेंट होने पर शादी करने का दबाव बनाया, तब साजिद ने उसका गर्भपात करा दिया। इसके बाद उसे घर बुलाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। उसकी हरकतों से युवती मानसिक तनाव में आ गई। शारीरिक और मानसिक शोषण से तंग आकर युवती ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद वो हिम्मत जुटाकर अपनी मां के साथ शिकायत लेकर सरकंडा थाने पहुंची। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

# पुलिस को गेउर नदी में 3 अक्टूबर 2023 को एक अज्ञात व्यक्ति का मिला था शव

## पुलिस ने जनता से पहचान में सहयोग मांगा था बावजूद इसके पहचान अभी तक नहीं हुई है...

-संवाददाता-
बलरामपुर, 13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।




राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गेउर नदी (फिल्टर प्लांट) राजपुर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह शव दिनांक 03 अक्टूबर 2023 को मिला था। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष बताई जा रही है। उसके सिर के बाल हल्के काले-कत्थई रंग के हैं तथा चेहरे और दाढ़ी में सफेद बाल हैं। मृतक ने गले में हनुमान जी का लॉकेट (बागेश्वर धाम लिखा हुआ), बाएं हाथ में लाल रंग का धागा तथा कई रंगों का मोती, राखी जैसा धागा पहना हुआ था। राजपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक को पहचानता हो या उसके संबंध में कोई जानकारी रखता हो तो वह तत्काल थाना राजपुर से संपर्क करे।

# भारी मात्रा में नशे का इंजेक्शन एवं टैबलेट के साथ, नशे का अवैध धंधा करने वाले दो आरोपी हुए गिरफ्तार, पुलिस ने भारी मात्रा में नशे का अवैध कारोबार करने वाले आरोपी

## मंटू सोनी पिता प्रमोद सोनी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम टंडवा थाना गढ़वा झारखंड, हाल निवास वार्ड क्रमांक 07 रामानुजगंज को गिरफ्तार भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

-संवाददाता-
रामानुजगंज/बलरामपुर, 13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर वैभव बैंकर के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत सभी थाना चौकी प्रभारियों को नशा करने वालों एवं नशे का अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु सख्त निर्देश दिया गया है, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी के दिशा निर्देश एवं एसडीओपी रामानुजगंज बाजीलाल सिंह के मार्गदर्शन में रामानुजगंज पुलिस के द्वारा मुखबिर तैनात कर नशे का अवैध धंधा करने वालों पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान दिनांक 12.10.25 को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मंटू सोनी पिता प्रमोद सोनी उम्र 21 वर्ष निवासी सोनार मोहल्ला टंडवा थाना गढ़वा झारखंड हाल मुकाम वार्ड क्रमांक 07 रामानुजगंज का भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन एवं टैबलेट रखा है और रामानुजगंज रिंग रोड में ग्राहक की तलाश में घूम रहा है, कि सूचना पर रामानुजगंज पुलिस द्वारा घेराबंदी कर संदेही मंटू सोनी को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपने हाथ में रखे झोले में नशे का इंजेक्शन और टेबलेट रखना और ग्राहक की तलाश में घूमना स्वीकार किया, मंटू के हाथ में रखे झोले को गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर झोले से 210 नग alprazolam टेबलेट, 07 एम्पुल re&ogesic इंजेक्शन एवं 05 एम्पुल avil इंजेक्शन को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया, आरोपी मंटू सोनी से उक्त नशे का इंजेक्शन और टेबलेट कहां से मिला है पूछताछ करने पर उसके द्वारा गोदरमाना झारखंड निवासी दिलीप उर्फ भलटू गुप्ता पिता मनोज गुप्ता से खरीद कर ग्राहकों को बेचने के लिए लाना बताया गया, प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार एंड टू एंड कार्यवाही करते हुए आरोपी दिलीप गुप्ता के गोदरमाना स्थित घर में दबिश देकर उसे पकड़ा गया, तथा आरोपीगण मंटू सोनी एवं दिलीप गुप्ता के विरुद्ध थाना रामानुजगंज में अपराध क्रमांक 170/25 धारा 21(सी) NDPS act के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अजय साहू थाना प्रभारी रामानुजगंज, उप निरीक्षक बृजमोहन गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक अतुल दुबे, प्रधान आरक्षक मायापति सिंह, नारायण तिवारी, महामाया शर्मा, विजय गुप्ता, आरक्षक आनंद गुप्ता, निकेश सिंह की विशेष भूमिका रही।



# अंबिकापुर में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत 15 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे संकल्प भवन भाजपा कार्यालय, अंबिकापुर में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का मुख्य विषय वोकल फॉर लोकल रहेगा, जिसमें प्रदेश भाजपा से आमंत्रित अतिथि विषय वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए दिए गए सोच और संकल्प को आगे बढ़ाते हुए यह अभियान स्थानीय उद्योग, व्यापार और उद्यमिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं अरुणा सिंह ने विधानसभा अंबिकापुर के अंतर्गत आने वाले वोकल फॉर लोकल के छोटे-बड़े उद्यमियों, व्यापारियों, कामगारों तथा भाजपा के सभी छह मंडलों–महामाया, समलाया, अम्बिकापुर ग्रामीण, लखनपुर, देवगढ़ व रामगढ़ के पदाधिकारियों से समय पर सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया है।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन के लिए पर्यवेक्षक दल ने तीसरे दिन भी की रायशुमारी

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया को लेकर जारी संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत सोमवार को पर्यवेक्षक दल ने उदयपुर, लुण्ड्रा और धौरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक कर वन टू वन रायशुमारी कर पार्टी का मन टटोला है। झारखंड के पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में सरगुजा जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन के लिए पर्यवेक्षक दल को तीसरे दिन भी रायशुमारी में व्यस्त रहा। उदयपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से शुरुआत कर रात 8 बजे तक धौरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में रायशुमारी तक जारी रही। 14 अक्टूबर को अंतिम दिन पर्यवेक्षक दल दरिमा, मैनपाट, सीतापुर और बतौली कांग्रेस कमेटी का दौरा कर रायशुमारी करेगी। इसके उपरांत पर्यवेक्षक दल जशपुर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष चयन के लिए रवाना हो गया।




**प्रेस और मीडिया जगत से मुलाकात** : सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का दौरा प्रारंभ करने के पूर्व पर्यवेक्षक दल ने सर्किट हाउस अम्बिकापुर में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रमुख पत्रकारों से मुलाकात कर उनसे अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की कार्यक्षमता पर चर्चा की। मीडिया जगत से यह बातचीत 14 तारीख को भी जारी रहेगी। पर्यवेक्षक दल के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए उचित उम्मीदवार के चयन में यह सबसे महत्वपूर्ण रायशुमारी है।

# युक्ति युक्त करण से गांव के बच्चों को मिली शिक्षा की नई रोशनी

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

शिक्षा में सुधार और प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पहुंचाने के लक्ष्य के तहत राज्य शासन की युक्तियुक्तकरण नीति अब ग्रामीण स्कूलों में सकारात्मक बदलाव ला रही है। संकुल उदारी, विकासखंड लुण्ड्रा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बांसपारा, जो पहले एकल शिक्षकीय विद्यालय था, अब दो शिक्षकयुक्त विद्यालय बन गया है। इससे बच्चों की शिक्षा में निरंतरता और गुणवत्ता दोनों में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। पहले प्राथमिक शाला बांसपारा में केवल प्रधान पाठक श्री शिवलाल पैकरा कार्यरत थे। दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने 33 विद्यार्थियों की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाई। अब शासन की पहल से शिक्षिका सुश्री संगीता तिर्की की पदस्थापना अम्बिकापुर से की गई है,



जिससे विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को नई गति मिली है और विद्यार्थियों को विषयवार अध्ययन का बेहतर अवसर मिल रहा है। शिक्षिका सुश्री संगीता तिर्की ने बताया कि अम्बिकापुर से लुण्ड्रा दूरी पर है, लेकिन हमारा शिक्षकीय धर्म है कि जहां भी हमें सेवा का अवसर मिले, हम बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। यहां आने के बाद विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है। बच्चे अब मन लगाकर पे ई कर रहे हैं। शासन की यह पहल सराहनीय है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में भी शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है।

## संसद में तालियों की गड़गड़ाहट के साथ ट्रंप का स्वागत,स्पीकर बोले...नोबेल पुरस्कार के लिए करेंगे समर्थन

# गाजा शांति समझौता पश्चिम एशिया के लिए एक ऐतिहासिक सुबह : ट्रंप

**तेल अवीव,13 अक्टूबर 2025(ए)।** इस्राइल और गाजा के बीच शांति समझौता करने के लिए इस्राइल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस्राइली सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का एलान किया है। ट्रंप यह सम्मान पाने वाले पहले गैर इस्राइली नागरिक हैं। इसके साथ ही पीएम नेतन्याहू ने डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रयासों की सरहाना की है। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइली नेसेट को संबोधित किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अंधेरे और कैद में खौफनाक दो साल बिताने के बाद 20 बहादुर बंधक अब अपने परिवारों के पास वापस लौट रहे हैं। ट्रंप ने दोहराया,हमने आठ महीनों में आठ युद्ध निपटाए हैं,जिनमें यह भी शामिल है। ट्रंप ने कहा, अगर हम जंग में उतरते हैं, तो हम इसे ऐसे जीतते हैं,जैसा पहले कभी किसी ने नहीं जीता। ट्रंप ने कहा,गाजा शांति समझौता मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) के लिए एक ऐतिहासिक सुबह है। उन्होंने कहा, नेतन्याहू से निपटना आसान नहीं है। यही बात उन्हें महान बनाती है। यही बात उन्हें बहुत अच्छा बनाती है। आपने (नेतन्याहू) बहुत बढ़िया काम किया।

**अमेरिकी राष्ट्रपति अरब और इस्लामी देशों की तारीफ की :** अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में शांति योजना के लिए अरब और इस्लामी देशों की तारीफ की और कहा कि उन्होंने एकजुट होकर हमास पर दबाव डाला और बंधकों को रिहा करने में मदद की। उन्होंने कहा, हमें बहुत मदद मिली। ऐसे कई लोग हैं,जिनके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा और मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा,यह इस्राइल और पूरी दुनिया के लिए एक अद्भुत कामयाबी है कि इन देशों ने शांति के साझेदार के रूप में मिलकर काम किया। उन्होंने आगे कहा,अब आने वाली पीढ़ियां इस क्षण को ऐसे याद रखेंगी,जब सब कुछ बदलना शुरू हो गया और बहुत ज्यादा बदलाव बेहतरी के लिए हुआ। यह केवल एक जंग का अंत नहीं है। यह इस्राइल और उसके सभी देशों के लिए महान सद्भाव और स्थायी सद्भाव की शुरुआत है।







### मैं युद्ध सुलझाने का विशेषज्ञ हूं : डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह आठवां युद्ध होगा जिसे मैं सुलझा रहा हूं। अब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच युद्ध की बातें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा, मैं युद्धों को सुलझाने का विशेषज्ञ हूं। मैं शांति स्थापित करने का विशेषज्ञ हूं। ऐसा करने मेरे लिए सम्मान की बात। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बात तब कही है, जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल ही में खूनी झड़प और गोलीबारी हुई है।

### ट्रंप के भाषण के दौरान एक सदस्य ने किया हंगामा

ट्रंप के भाषण के दौरान नेसेट के एक सदस्य अयमैन ओदेह ने बाधा डाली और फलस्तीन को मान्यता देने की मांग की। ओदेह ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, संसद में दिखावा असहनीय है। एक समूह ने नेतन्याहू का महिमामंडन किया गया,जो पहले कभी नहीं देखा गया था। इससे नेतन्याहू और उनकी सरकार गाजा में हुए मानवता के खिलाफ अपराधों और सैकड़ों हजारों फलस्तीनियों और हजारों इस्राइली लोगों की जान का जिम्मेदार होने से बच नहीं सकते।

### ट्रंप को अगले साल नोबेल शांति पुरस्कार के लिए करेंगे समर्थन

ओहाना ने कहा कि उनका देश अगले साल ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार दिलाने के लिए समर्थन देगा। उन्होंने कहा कि इस्राइल दुनियाभर के स्पीकर और नेताओं को एकजुट करेगा, ताकि वे ट्रंप को अगले साल नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित कर सकें। वहीं,इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बंधकों की रिहाई को लेकर ट्रंप की सराहना की। नेतन्याहू ने नेसेट (इस्राइली संसद) में अपने भाषण में ट्रंप की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा,ट्रंप के प्रस्ताव ने हमास के साथ युद्ध खत्म कर दिया। नेतन्याहू ने कहा कि ट्रंप का प्रस्ताव युद्ध को समाप्त कर चुका है और हमारे सभी लक्ष्य पूरे हो गए हैं। मैं इस शांति के प्रति प्रतिबद्ध हूं। नेतन्याहू ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में इस्राइल के सबसे बड़े मित्र रहे हैं। नेसेट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा,राष्ट्रपति ट्रंप,हम आपका यहां स्वागत करते हैं ताकि हम आपको उस महत्वपूर्ण नेतृत्व के लिए धन्यवाद दे सकें, जो आपने उस प्रस्ताव को लेकर दिखाया, जिसे पूरी दुनिया का समर्थन मिला। यह वह प्रस्ताव है जो हमारे सभी बंधकों को घर वापस ला रहा है। यह वह प्रस्ताव है जो हमारे सभी उद्देश्यों को पूरा करते हुए युद्ध को समाप्त कर रहा है।

### ट्रंप को इस्राइली सर्वोच्च सम्मान के लिए किया नामांकित

नेतन्याहू ने कहा, मैंने अब तक कई अमेरिकी राष्ट्रपतियों को देखा है,लेकिन मैंने कभी किसी को इतनी तेजी और निर्णायक तरीके से दुनिया को बदलते नहीं देखा, जैसा कि हमारे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप ने किया है। नेतन्याहू ने ट्रंप को इस्राइल के सर्वोच्च सम्मान इस्राइल प्राइज के लिए नामांकित किया है।

### मिस्र में आयोजित शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे नेतन्याहू

इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने पुष्टि की कि नेतन्याहू आज मिस्र में होने वाले सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। उनके कार्यालय ने एक्स पर एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री नेतन्याहू को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने आज मिस्र में हो रहे सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। बयान में आगे कहा गया, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया, लेकिन कहा कि वह त्योहार के शुरू के नजदीक होने की वजह से सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे।


# खूनी झड़पों के बाद पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव,दूसरे दिन भी बंद रही सीमा

**पेशावर,13 अक्टूबर 2025(ए)।** हाल की खूनी झड़पों के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। दूसरे दिन भी व्यापार के लिए सीमा क्रॉसिंग बंद रहा। सोमवार को सैकड़ों लोग सीमा पर फंसे रहे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की कई सैन्य चौकियों पर हमला किया। अफगान अधिकारियों ने दावा किया कि उन्होंने इन हमलों में 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया। उनके मुताबिक,अफगानिस्तान की जमीनी और हवाई सीमा के बार-बार उल्लंघन के जवाब में यह कार्रवाई की गई। हालांकि,पाकिस्तानी सेना ने इस आंकड़े को कम करके बताया। उसने कहा कि उसके 23 सैनिक मारे गए, लेकिन जवाबी कार्रवाई में उन्होंने कथित तौर पर 200 से ज्यादा तालिबान से जुड़े दहशतगर्दों को मार गिराया। सऊदी अरब सहित कई देशों की सरकारों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की। फिलहाल संघर्षविराम लागू होता दिख रहा है। अधिकारियों ने बताया रविवार के बाद से 2,611 किलोमीटर लंबी सीमारेखा पर कोई गोलीबारी नहीं हुई है। इसे डुरंड लाइन भी कहा जाता है। पाकिस्तान इसे दोनों देशों के बीच सीमा रेखा मानता है। लेकिन अफगानिस्तान ने कभी इसे मान्यता नहीं दी है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सीमा कब तक फिर से खोली जाएगी। पाकिस्तान सरकार के अधिकारी इम्तियाज अली ने बताया, दक्षिण-पश्चिमी चमन सीमा क्रॉसिंग व्यापार के लिए बंद है। अधिकारियों ने वहां रविवार से फंसे लगभग 1,500 अफगान नागरिकों को थोड़ी देर के लिए पैदल अपने घर लौटने की अनुमति दी। पाकिस्तान का एक महत्वपूर्ण उत्तर-पश्चिमी सीमा क्रॉसिंग तोरखम सोमवार को सभी तरह की यात्रा और व्यापार के लिए बंद रहा। स्थानीय व्यापारियों के प्रतिनिधि मुजीब उल्लाह ने इस बंद की पुष्टि की। अफगान शरणार्थियों ने बताया कि वे रविवार से तोरखम सीमा पर इंतजार कर रहे हैं। इनमें कई ऐसे लोग भी हैं, जो पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे हैं, विदेशी नागरिकों के खिलाफ की गई कार्रवाई के कारण देश छोड़ने का इंतजार कर रहे हैं। एक शरणार्थी गुल रहमान ने कहा कि उन्होंने रविवार को तोरखम पर इंतजार किया और फिर अपने परिवार के साथ उत्तर-पश्चिमी शहर पेशावर लौट गए।



# डच सरकार की चीनी चिप निर्माता कंपनी पर कार्रवाई,नियंत्रण अपने हाथ में लिया

**हेग,13 अक्टूबर 2025(ए)।** डच सरकार ने चीन के स्वामित्व वाली चिप निर्माता कंपनी नेक्सपेरिया का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। सरकार ने कहा कि यह एक बेहद असाधारण कदम है। कंपनी की प्रबंधन व्यवस्था (कॉर्पोरेट प्रशासन) में खामियों के चलते यूरोप कीआर्थिक सुरक्षा को खतरा हो सकता है। डच आर्थिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार देर रात एक बयान जारी किया। जिसमें उसने वस्तु उपलब्धता अधिनियम के तहत नेक्सपेरिया के व्यापार में दखल दिया है। यह कानून बहुत कम मामलों में इस्तेमाल होता है। नेक्सपेरिया सेमीकंडक्टर बनाती है, जो ओटोमोबाइल और उपभोक्ता प्रौद्योगिकी उद्योग में उपयोग होते हैं। यह कंपनी नीदरलैंड के नाइमेखेन शहर में है, लेकिन इसका स्वामित्व चीन की विंगटेक टेक्नोलॉजी के पास है। मंत्रालय ने कहा कि नेक्सपेरिया के प्रबंधन में खामियों की वजह से डच और यूरोपीय क्षेत्रों के जरूरी तकनीकी क्षमताओं की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। आर्थिक मामलों के मंत्रालय ने यह भी कहा कि इन क्षमताओं को खोना डट और यूरोप के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। हालांकि, मंत्रालय इसके बारे में विस्तार से कुछ भी नहीं बताया। सरकार ने इस फैसले जुड़ी बहुत सी जानकारी साझा नहीं की है। लेकिन यह कदम चीन और पश्चिमी देशों के बीच उन तकनीकों को लेकर बढ़ते तनाव को दिखाता है, जो कंप्यूटर चिप जैसी भविष्य की उन्नत तकनीकों से जुड़ी हैं। इस कदम पर नेक्सपेरिया ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, विंगटेक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह व्यापारिक मामलों का राजनीतिकरण करने का सख्त विरोध करता है। विंगटेक ने डट सरकार की इस कार्रवाई को तथ्यों के आधार पर आकलन करने के बजाय भू-राजनीतिक पक्षपात पर आधारित हस्तक्षेप बताया और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर उठाया गया निराधार कदम है। शंघाई स्टॉक एक्सचेंज में विंगटेक के शेयर 10 फीसदी गिर गए, जो वहां का दैनिक गिरावट का अधिकतम स्तर है। विंगटेक ने एक्सचेंज को बताया कि यह फैसला अस्थायी रूप से नेक्सपेरिया पर उसके नियंत्रण को सीमित करता है। डच सरकार ने कहा कि वह ऐसी स्थिति को रोकना चाहती है जिसमें किसी आपात स्थिति में नेक्सपेरिया की चिप की उपलब्धता न हो। साथ ही उसने कहा कि नेक्सपेरिया का नियमित उत्पादन प्रक्रिया जारी रह सकती है। कंपनी ने कहा कि वह कानूनी उपायों को अपनाएगी, कंपनी और उसके शेयरधारकों के अधिकारों और हितों की रक्षा करेगी और संबंधित सरकारी विभागों से संपर्क में है ताकि समर्थन प्राप्त किया जा सके।



## व्यापार समाचार

# शेयर बाजार : सेंसेक्स 174 अंक गिरकर 82,327 पर बंद,निफ्टी 58 अंक फिसला

**नई दिल्ली,13 अक्टूबर 2025 (ए)।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। राहत की बात यही रही कि कमजोर ग्लोबल संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को निचले स्तर से काफी हद तक रिकवरी करने में सफलता हासिल की। सोमवार को कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों को सहारा देने की कोशिश भी की। हालांकि,वैश्विक दबाव की वजह से बाजार में इस हद तक दबाव बना हुआ था कि खरीदारों की कोई भी कोशिश बाजार को कभी भी मुनाफे की स्थिति में नहीं पहुंचा सकी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत और निफ्टी 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। सोमवार को दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग और कैपिटल मार्केट से जुड़े शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर, एफएमसीजी,पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, आईटी, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके अलावा ऑटोमोबाइल,कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल,हेल्थकेयर और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी सोमवार को लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ सोमवार को कारोबार का अंत किया। सोमवार को शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन सोमवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 462.49 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.08 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार को कारोबार से करीब 41 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। सोमवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,459 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,668 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,622 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 169 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में सोमवार को 2,821 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 914 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,907 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर बढ़त के साथ और 18 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स सोमवार को 451.66 अंक की गिरावट के साथ 82,049.16 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 82,438.50 अंक तक पहुंचा। बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 82,043.14 अंक तक गोता भी लगाया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 173.77 अंक की कमजोरी के साथ 82,327.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने सोमवार को 108.05 अंक टूट कर 25,177.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होने लगी। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 25,267.30 अंक तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये 25,152.30 अंक तक गिर भी गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 58 अंक लुढ़क कर 25,227.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सोमवार को दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अदानी पोर्ट्स 2.02 प्रतिशत,बजाज ऑटो 1.34 प्रतिशत,बजाज फाइनेंस 1.26 प्रतिशत,श्रीराम फाइनेंस 1.07 प्रतिशत और इंटरग्लोब एवियशन 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ सोमवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टाटा मोटर्स 2.68 प्रतिशत, विप्रो 1.44 प्रतिशत, इंफोसिस 1.43 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.43 प्रतिशत और मैक्स हेल्थ केयर 1.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ सोमवार को टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।




## रिलायंस पावर के सीएफओ और तीन दिन की ईडी हिरासत में,कंपनी के शेयर 10 फीसदी से ज्यादा फिसल

**नई दिल्ली,13 अक्टूबर 2025 (ए)।** रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी अशोक कुमार पाल को 3 दिन की अतिरिक्त ईडी हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें 16 अक्टूबर को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। उधर, वित्तीय परेशानियों और कानूनी पचड़ों से जूझ रहे उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को सुबह के कारोबार के दौरान 10.5% तक की गिरावट दिखी। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित फर्जी बैंक गारंटी और फर्जी इनवॉइसिंग मामले में शनिवार को रिलायंस पावर के वरिष्ठ कार्यकारी अशोक कुमार पाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सोमवार को जब बाजार खुले तो रिलायंस पावर के शेयर 10% से ज्यादा टूटकर दिन के सबसे निचले स्तर 43.55 रुपये प्रति शेयर पर आ गए। वहीं रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 4.5% गिरकर 231 रुपये प्रति के भाव पर आ गए। पाल को दो दिन की हिरासत में भेजा गया था। सोमवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें फिर तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले शुक्रवार की देर रात गिरफ्तार किए गए पाल से कई घंटों तक पूछताछ की गई।

# ट्रंप के टैरिफ से चीन के अमेरिका को निर्यात में कमी,छह महीने के उच्च स्तर पर वैश्विक निर्यात

**नई दिल्ली,13 अक्टूबर 2025 (ए)।** चीन के लिए सितंबर महीना मिला-जुला रहा। जहां अमेरिका को उसका निर्यात 27% गिरा,वहीं बाकी दुनिया में उसका व्यापार तेजी से बढ़ा और छह महीने का नया रिकॉर्ड बना दिया। चीन के सीमा शुल्क विभाग द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में चीन का कुल निर्यात पिछले साल की तुलना में 8.3% बढ़कर 328.5 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 27 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया। यह वृद्धि अगस्त के 4.4% से लगभग दोगुनी रही और अर्थशास्त्रियों के अनुमान से ज्यादा थी। अमेरिका को चीन का निर्यात पिछले छह महीनों से लगातार गिर रहा है। सितंबर में यह गिरावट 27% रही,जबकि अगस्त में यह 33% थी। इसका बड़ा कारण है दोनों देशों के बीच बढ़ता तनाव- एक तरफ नए टैरिफ, दूसरी तरफ व्यापार पर नियंत्रण।




**चीन के आयात में भी सुधार :** सितंबर में चीन का आयात भी 7.4% बढ़ा। अगस्त में यह केवल 1.3% बढ़ा था। हालांकि घरेलू अर्थव्यवस्था की धीमी रफ्तार और रियल एस्टेट संकट से घरेलू खपत पर अब भी दबाव बना हुआ है।

**ट्रंप की नीतियों के कारण निर्यात में गिरावट :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के कारण, जो अमेरिकी कंपनियों को अपने कारखाने अमेरिका में शिफ्ट करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं, चीन ने अन्य क्षेत्रों में अपने उत्पादों के लिए नए बाजार खोजने की कोशिश की है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका निर्यात में गिरावट के बावजूद, चीन का वैश्विक व्यापार मजबूत बना हुआ है और अन्य देशों में निर्यात बढ़ाकर चीन इस दबाव को कम करने की कोशिश कर रहा है।

**अमेरिका-चीन में बढ़ता तनाव :** दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध फिर गर्माने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन पर 100% अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है। चीन ने भी अमेरिकी जहाजों पर नए बंदरगाह शुल्क लगाने और लिथियम-आयन बैटरी व दुर्लभ धातुओं के निर्यात पर नियंत्रण बढ़ाने का ऐलान किया। अमेरिका ने पहले ही चीनी जहाजों पर पोर्ट फीस लगाने का प्लान बनाया था। चीन के उप सीमा शुल्क मंत्री वांग जुन ने कहा, बाहरी माहौल अब भी चुनौतीपूर्ण और अनिश्चित है। चौथी तिमाही में हमें व्यापार को स्थिर करने के लिए और मेहनत करनी होगी।%

## सरकार ने सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने के लिए कर्मचारी नामांकन अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली,13 अक्टूबर 2025 (ए)।** श्रम और रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को 'कर्मचारी नामांकन अभियान' शुरु किया। यह पहल सेवानिवृत्ति निधि का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के जरिए श्रमिकों को संगठित सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए की गई है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के मुताबिक यह योजना एक नवंबर से 30 अप्रैल, 2026 तक लागू रहेगी। यह अभियान सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत कर्मचारियों के नामांकन को बढ़ावा देने और नियोक्ताओं को पिछले रिकॉर्ड को नियमित करने में मदद करने के लिए है। मंत्रालय ने कहा कि 2009 से 2016 तक छूटे हुए पात्र कर्मचारियों के नामांकन के लिए 2017 में इसी तरह का नामांकन अभियान चलाया गया था। मौजूदा अभियान उसी कड़ी में अगला कदम है। इस अभियान का मकसद नियोक्ताओं को स्वेच्छा से पात्र कर्मचारियों की घोषणा और नामांकन के लिए प्रोत्साहित करना है। मंत्रालय के मुताबिक नियोक्ता उन सभी मौजूदा कर्मचारियों का नामांकन कर सकते हैं, जो एक जुलाई, 2017 और 31 अक्टूबर के बीच प्रतिष्ठान में शामिल हुए हैं, लेकिन किसी वजह से पहले ईपीएफ योजना में नामांकित नहीं थे। इसके तहत एक बड़ी राहत के रूप में पिछली अवधि (एक जुलाई, 2017 से 31 अक्टूबर तक) के लिए कर्मचारी के भविष्य निधि अंशदान का हिस्सा को माफ कर दिया जाएगा।



# क्या कलेक्टर केवल नगरीय निकायों की साफ-सफाई पर ध्यान देंगे या नगरीय निकायों में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी मिटाएंगे?

## कोरिया जिले के नवगठित नगर पंचायत पटना में कोरिया कलेक्टर कैसे मिटा सकेंगी भ्रष्टाचार,सीएमओ भ्रष्टाचार के लिए हैं विख्यात?

### कलेक्टर कांफ्रेंस के अनुसार मुख्यमंत्री का निर्देश सभी कलेक्टर नगरीय निकाय में जाकर देंगे सफाई पर ध्यान,भ्रष्टाचार के मामले में कोई निर्देश नहीं

-संवाददाता-

कोरिया,13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जिले के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की और उन्होंने प्रदेश के शासकीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वह अपने अपने जिलों के नगरीय निकायों का खुद निरीक्षण करेंगे और साफ-सफाई सहित जन सुविधाओं की प्रदायता सुनिश्चित करेंगे,प्रदेश के नगरीय निकायों में अब कलेक्टरों की भूमिका तय करते हुए मुख्यमंत्री ने ऐसा निर्देश जारी किया है जो धरातल पर मुख्यमंत्री की मंशा पूरी करने वाला होगा नहीं होगा यह आगे देखने को मिलेगा। वैसे मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों के लिए बैठक में एक एजेंडा तय किया जिसमें जिले के कलेक्टरों को बड़ी जिम्मेदारी निभाने का निर्देश है यह एक नया विषय कलेक्टर एसपी कॉन्फ्रेंस में देखने-सुनने को मिला,वैसे नगरीय निकायों की हालत प्रदेश में बदतर है यह मुख्यमंत्री के द्वारा कलेक्टरों को जारी निर्देश उपरांत समझ में आता है और यह स्पष्ट होता है कि साफ सफाई और नगरीय निकायों में जन सुविधाओं के लिए फिलहाल ऐसे कार्य नहीं हो रहे हैं जो नगरीय निकायों में उपलब्ध होनी चाहिए।

वैसे मुख्यमंत्री के नए निर्देश के बाद अब नगरीय निकायों की समस्याएं कलेक्टर तक भी जनता पहुंचा सकेगी और इसके लिए सभी कलेक्टर तैयार होंगे और यथोचित कार्यवाही करेंगे,पूरे मामले में साफ सफाई सहित आवश्यक सुविधाओं की प्रदायता की बात तो हुई निर्देश कलेक्टरों को जारी हुए लेकिन नगरीय निकायों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कोई निर्देश जारी होता नजर नहीं आया जिससे नगरीय निकायों के भ्रष्टाचार को रोकने कुछ कार्यवाहियां होंगी ऐसा आभास हो,नगरीय निकायों में वर्तमान में जमकर भ्रष्टाचार जारी है और सुविधाओं के विस्तार के नाम पर अनाप-शनाप खर्च किए जाने की जानकारी सामने आती रहती है,कोरिया जिले की ही बात करें तो नगठित नगर पंचायत पटना के प्रथम मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के लिए विख्यात हो गए हैं और उनका भ्रष्टाचार प्रथम दृष्टया ही केवल उनके ऊपर लग रहे आरोपों से ही साबित हो रहा है और जिसके बावजूद भी वह सतत् भ्रष्टाचार जारी रखे हुए हैं जिसपर अंकुश की कोई बात सामने नहीं आई है। मुख्यमंत्री के नगरीय निकायों के लिए कलेक्टरों को दिए गए निर्देश में भ्रष्टाचार को रोकने कोई निर्देश नहीं दिया गया है, क्या कलेक्टरों को केवल साफ-सफाई तक ही नगरीय निकायों की समीक्षा करनी है उन्हें भ्रष्टाचार रोकने कोई निर्देश प्राप्त नहीं है यह निर्देश उपरांत बड़ा सवाल है। कोरिया जिले का पटना नगर पंचायत भ्रष्टाचार की मिसाल पेश कर रहा है और कलेक्टर ने पहले इसपर संज्ञान लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को हटाया भी था लेकिन मामले में निर्देश जारी करके भी कलेक्टर को पीछे हटना पड़ा था और मुख्य नगर पालिका अधिकारी पटना की जीत हुई थी उन्हें हटाने का निर्देश अमान्य हुआ था।

अब यदि कोरिया कलेक्टर भ्रष्टाचार मिटाने के प्रयासों में असफल होकर हार चुकी हैं वह फिर क्यों भ्रष्टाचार मामले में नगरीय निकायों में हस्तक्षेप करेंगी यह समझने वाली बात है जबकि मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार मिटाने कोई निर्देश दिया भी नहीं है,कलेक्टर निर्देश के पालन में नगरीय निकायों में जायेंगे जरूर लेकिन वह साफ सफाई तक ही निगरानी करने प्रयासरत होंगे यह स्पष्ट समझ में आता है।


घटती घटना
कोरिया-सूरजपुर-समाचार
अम्बिकापुर, गुरुवार 09 अक्टूबर 2025
5
बिना कार्यादेश के हो गया निर्माण एवं मरम्मत कार्य का भुगतान,
नवगठित नगर पंचायत के सीएमओ का खुलेआम भ्रष्टाचार जारी?

**क्या वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित कर रही है इस वजह से पिछले दो साल में इक्का दुक्का कार्यवाही को छोड़ दे तो कोई भी ऐसी कार्यवाही नहीं देखने को मिली जो सरकार को निष्पक्ष बता सके?**

भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश सरकार की स्थिति स्पष्ट नहीं नजर आती,क्या भ्रष्टाचार को सरकार प्रोत्साहित कर रही है भ्रष्ट अधिकारियों को,सरकार के दो वर्ष के कार्यालय के दौरान भ्रष्टाचार के एक दो मामले ही ऐसे सामने आए होंगे जिसमें यह समझ में आया है कि सरकार भ्रष्टाचार मामले में कार्यवाही के लिए संकल्पित है वरना ज्यादातर मामलों में भ्रष्टाचार को लेकर सरकार मौन ही नजर आती है, भ्रष्टाचार के मामले प्रदेश में लगातार सामने आते रहते हैं जिसमें भ्रष्टाचार स्पष्ट परिलक्षित भी होता है लेकिन सरकार इन मामलों को लेकर कोई गंभीरता प्रदर्शित नहीं करती नजर आती है,कोरिया जिले में भी भ्रष्टाचार चरम पर है,कई कार्यालयों के भ्रष्टाचार को लेकर कई बार खबरें भी प्रकाशित की गई लेकिन कार्यवाही के नाम पर कोई भी निर्देश जारी होता नजर नहीं आया,जिला पंचायत,वन विभाग,नगरीय निकायों में जिले के खासकर पटना नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार ऐसे मामले हैं जिसमें यदि केवल एक जांच संस्थित कर दी जाए दोष साबित हो जाएगा लेकिन कहीं कोई जांच नहीं कहीं कोई कार्यवाही नहीं जैसी स्थिति बनी हुई है,कोरिया जिले में यदि केवल डीएमएफ मद के बंदरबाट की जांच की जाए तो करोड़ो का भ्रष्टाचार उजागर हो सकता है जिसमें जिले के वर्तमान भाग्य विधाता शामिल नजर आयेंगे।





घटती घटना
अम्बिकापुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025
5
नगर पंचायत पटना संगठन और सत्ता के बीच अब संघर्ष के कारण भ्रष्टाचारी सीएमओ झेलने मजबूर है?

### क्या वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार पर जांच के लिए कोई आदेश-निर्देश नहीं है?

कलेक्टर कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री काफी सख्त नजर आए ऐसी बातें सामने आई,साफ-सफाई,जन सुविधाओं को लेकर क्रियान्वयन स्थिति पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से काफी बात की वहीं भ्रष्टाचार जैसा गंभीर मुद्दा एजेंडे में शामिल नहीं था,नगरीय निकायों में कलेक्टर सुबह से साफ सफाई का जायजा लेने पहुंचेंगे लेकिन उन्हीं नगरीय निकायों में पदस्थ अधिकारी नगर विकास की राशि से अपनी जेब भरेंगे इसपर कोई चर्चा नहीं हुई,पूरी बैठक में भ्रष्टाचार विषय पर चर्चा नहीं हुई,क्या भ्रष्टाचार सरकार के लिए गंभीर मुद्दा नहीं,ऐसे में तो अब कोरिया जिले के नगर पंचायत पटना मुख्य नगर पालिका अधिकारी काफी प्रसन्न होंगे जो भ्रष्टाचार अपना जारी रख सकेंगे और सुबह जिले की कलेक्टर का साफ सफाई के साथ स्वागत करेंगे, सुबह वह नगर की सफाई करने निकलेंगे वहीं दिनभर फिर वह नगर विकास की राशि नगर विकास के बैंक खातों से साफ करेंगे, भ्रष्टाचार विषय का बैठक में शामिल नहीं होना पटना जैसे नगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं जिन्हें अब कोई भय नहीं होगा क्योंकि कलेक्टर को जिले के वह पहले ही परास्त कर चुके हैं कलेक्टर को अपना आदेश वापस लेना पड़ चुका है वहीं अब उन्हें केवल कलेक्टर की आवभगत करनी होगी साफ सफाई दिखानी होगी जिसका भी वह अपनी जेब के लिए उपयोग करेंगे काम कम होगा भुगतान कहीं अधिक जारी होगा।

### ट्रांसफर पोस्टिंग से लेकर अधिकारियों की पदस्थापना और पदस्थापना के दौरान उनका कार्यकाल कितना संवेदनशील है क्या यह बात सरकार में बैठे लोगों को नहीं पता?

सरकार क्या ट्रांसफर पोस्टिंग करके ही सुशासन स्थापित करने के पक्ष में है,क्या वह यह मानकर चल रही है कि जिस अधिकारी की ज्यादा ही शिकायत सामने आयेगी उसका तबादला कर दिया जाएगा और मामला समाप्त हो जाएगा और भ्रष्टाचार भी रुक जाएगा,अधिकारियों के कार्यकाल को लेकर सरकार इस बात पर क्या ध्यान नहीं रखती कि किसी अधिकारी का किसी स्थान पर बिताया गया समय कितना संवेदनशील है,कोरिया जिले में अधिकारियों की स्थिति का यदि आंकलन किया जाए यह जिला भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है,जिले से लेकर नगरीय निकायों तक का हाल बेहाल है,जन सुविधाओं के नाम पर शासकीय राशियों का बंदरबाट आम है जो एक परम्परा है जिसको निभाने में सभी अपनी भूमिका निभा रहे हैं,जिले में बैठे अधिकारियों की संपत्ति में लगातार इजाफा हो रहा है और वह कम समय में इतना कुछ कमा पा रहे हैं जो किसी के जीवनभर की कमाई से अधिक है लेकिन इसपर रोक टोक कहीं नजर नहीं आता,आज जिला भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है, भ्रष्टाचार की बात करना जहां अपराध है वहीं भ्रष्टाचार करना एक स्वतंत्रता जो हर जिम्मेदार जिम्मेदारी से कर रहा है।

## सोनहत से देवी धाम मार्ग पर 3 में से एक पुलिया धंसी 2 धंसने के कगार पर

### देवी धाम मार्ग पर पुलिया धंसने से 4 पहिया वाहनों का प्रवेश बन्द बाइक सवार के लिए जोखिम भरा सफर,सोनहत वासियों के आस्था के केन्द्र है देवीधाम,रोज पहुचते है श्रद्धालु,कर्क रेखा और समय मानक रेखा का संगम भी इसी मार्ग से





-राजन पाण्डेय-

सोनहत,13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

विकासखण्ड मुख्यालय सोनहत के पंडो पारा क्षेत्र स्थित देवी धाम मार्ग में बनी ह्यूम पाइप पुलिया धस गई है जिससे आवागमन ठप्प हो गया है। उल्लेखनीय है कि बरसात पूर्व ही गर्मी के समय आस पास मिट्टी मुरुम सड़क और 3 नग ह्यूम पाइप पुलिया इस मार्ग पर बनाये गए थे,सड़क की स्थिति काफी हद तक ठीक है लेकिन ह्यूम पाइप पुलिया निर्माण में मानकों का ख्याल नही रखा गया ह्यूम पाइप बिछा कर उसके ऊपर मिट्टी डाल दिया गया दोनों किनारों पर कोई बिंग वाल नही बनाया गया न ही मिट्टी रोकने कोई इंतजाम किए गए जिसका परिणाम यह हुआ कि पहली बारिश में हु पुलिया धस गई और पूरी तरह धस गई मिट्टी भी बह चुकी है और काफी बड़ा गड्ढा हो गया है जिससे पानी बह रहा है। उक्त मार्ग पर लगभग 3 से 4 ह्यूम पाइप पुलिया बनाई गई है जिसमे एक पूरी तरह धस गई है और बाकी 2 धंसने के कगार पर है उसकी मिट्टी कट गई है। ऐसे में बाकी पुलिया भी कितने दिन टिकेगी इसकी कोई गारंटी नही है।



#### आवागमन ठप ग्रामीणों में नाराजगी

पुलिया धंसने से आवागमन ठप है और ग्रामीणों में नाराजगी का आलम है ग्रामीणों की मांग है जल्द से जल्द पुलिया के मरम्मत हो ताकि आवागमन सुगम हो जाये, पंडो पारा सोनहत खुटरा पारा के ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवारों के लिए फिलहाल यहां आवागमन जोखिम भरा हो गया है जल्द मरम्मत नहीं हुआ तो कोई दुर्घटना घट सकती है।

#### प्रकृति की अनुपम छटा एवं आस्था का केंद्र भी है देवीधाम

सोनहत का देवी धाम अत्यंत प्राचीन स्थल है जहां पर माँ ज्वालामुखी बिराजमान है और इनका मंदिर है लोग यहां पर अपनी आस्था को लेकर पूजन करने आते हैं मंदिर काफी प्राचीन है। ग्रामीणों की आस्था एवं मांग पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने यहां पर एक शेड भी बनवाया जिसके बाद लोगो को पूजन एवं भक्ति कार्यक्रम करने में काफी सुविधा हो गई है। मंदिर के नीचे कल कल करता झरना बहता है और सामने में पहाड़ के साथ प्रकृति की हरियाली भी है जिसकी सुंदरता देखते ही बनती है। यहां पर लोग पिकनिक मनाने भी आते हैं लेकिन मार्ग में पुलिया के धंस जाने से लोगों का आवागमन अब बन्द हो गया है।

#### कर्क रेखा और भारतीय मानक समय रेखा के संगम स्थल का मार्ग भी यही है

भारत देश में देशांतर रेखाएं और कर्क रेखा को कल्पित रूप में गुजरती माना गया है। 82.5 उत्तर पूर्व देशांतर तथा 23.23कर्क रेखा छत्तीसगढ़ राज्य से गुजरती हैं। सौभाग्य की बात यह है कि यह दोनों रेखाएं हमारे विकास खंड के मुख्यालय से गुजरती हुए सोनहत को भौगोलिक नक्शे के क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान दिलवाती है। सोने पे सुहागा वाली बात ये है की भारतीय मानक समय रेखा 82.3 तीन एवं कर्क रेखा 23.5 दोनों का संगम स्थल भी नगरी के पास मुख्यालय से मात्र 2 किलोमीटर पश्चिम में पंडो पारा स्थित है जो अपने गर्भ में देवी धाम नाम से प्रसिद्ध देवी के मंदिर हेतु अत्यंत प्रमुखता से जाना जाता है। यही मां देवी धाम के मंदिर से उत्तर पूर्व की दिशा में लगभग 800 से 1000 मीटर की दूरी पर इन दोनों रेखाओं का मिलन बिंदु है। जहां पर बिलकुल आसानी से मां भगवती के मंदिर तक दुपहिया वाहन से पहुंचकर शेष दूरी पैदल पहाड़ी रास्तों से गुजर कर तय की जा सकती है एवं इस स्थान पर जाकर इस अद्वितीय भौगोलिक स्थिति को जाकर अवलोकित किया जा सकता है। लेकिन पुलिया धसने से इस स्थल पर जाने वाले लोग नहीं पहुच पा रहे हैं।

#### पुलिया का जल्द हो मरम्मत-पुष्पेंद्र

कोरिया जन सहयोग समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र राजवाड़े ने वन विभाग से उक्त पुलिया के मरम्मत सहित शेष अन्य पुलिया जो धसने के कगार पर है के मरम्मत की मांग किया है ताकि मार्ग पर सही ढंग से आवागमन हो सके,उन्होंने कहा इस सबन्ध में वन परिक्षेत्राधिकारी से चर्चा कर शीघ्र मरम्मत की मांग करेंगे।

## ग्राम बसवाही की टमाटर 'महाराष्ट्र की रसोई' तक पहुंची

### जयवती ने टमाटर की खेती से परिवार को बनाया आत्मनिर्भर

-संवाददाता-

कोरिया,13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।



कोरिया जिले के सोनहत विकासखण्ड के ग्राम बसवाही की श्रीमती जयवती आज क्षेत्र की उन प्रेरक महिलाओं में शामिल हैं,जिन्होंने मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर अपनी पहचान बनाई है। जयवती ने बताया 'मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि कोरिया की धरती पर उगाई गई टमाटर महाराष्ट्र तक पहुंचेगी, लेकिन यह सच है।' जयवती 'चमेली स्व सहायता समूह' से जुड़ी हैं और अपने पति श्री गोपाल चेरवा के साथ मिलकर तीन एकड़ भूमि में टमाटर की खेती करती हैं। उनके पति धान की खेती के साथ-साथ अन्य कृषि कार्यों में भी उनका सहयोग करते हैं। जयवती बताती हैं कि टमाटर की पैदावार अच्छी होने से अब उनकी उपज बिलासपुर, रायपुर से लेकर महाराष्ट्र तक पहुंच रही है। सालभर में करीब तीन लाख रुपये की आमदनी से परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने बताया कि उनके दो बच्चे हैं बेटी कक्षा छठवीं में और बेटा कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत है। अब वे बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए पूरी निष्ठा से सहयोग करने का संकल्प रखती हैं। निश्चित ही श्रीमती जयवती जैसी महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी बन रही हैं।

## रेलवे ट्रैक पर मिला शिक्षक का शव सिर धड़ से कटकर दूर पड़ा था

-संवाददाता-

कोरबा,13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रेलवे ट्रैक पर टीचर का क्षत विक्षत अवस्था में शव मिला। सिर धड़ से कटकर दूर पड़ा था। जबकि बॉडी कई हिस्सों में बंट गए थे। आरपीएफ ने इसे सुसाइड बताया है। घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, संतोष नायर (50) दीपका ऊर्जा नगर के रहना वाला था। वह बीकन इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाता था। करीब दो साल पहले परिवार के साथ केरल से कोरबा आया था। हालांकि, अभी तक मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। दरअसल, गेवरा रोड रेलवे स्टेशन के पास कुछ लोगों ने ट्रैक पर शव देखा। उन्होंने फौरन मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुसमुंडा थाना और आरपीएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान संतोष नायर के रूप में हुई। बाद में उसके परिजनों को मामले की जानकारी दी गई।

# जब मंत्री,सांसद, विधायक के आगमन पर नेशनल हाईवे जाम करके उनके आगमन के उत्साह में पटाखे फोड़े जाते हैं तब खबर क्यों नहीं बनती और एफआईआर क्यों नहीं होती ?

## एक मंत्री के सहायक का रास्ते में अपनी पत्नी का जन्मदिन मनाने के मामले ने पकड़ा राजनीतिक तूल

- क्या न्यायालय सिर्फ ऐसे ही मामलों में फैसला सुनाएगी या फिर मंत्री,सांसद और विधायक के आगमन पर फुटने वाले पटाखे पर भी पाबंदी लग सकेगी ?
- नेशनल हाईवे पर अवरोध उत्पन्न करने वाले पर नहीं होती कोई कार्यवाही लेकिन दो व्यक्ति एक मोहल्ले की गली की सड़क पर मना लिए जन्मदिन तो हो गया राजनीतिक बवाल ?








### नेशनल हाईवे जाम करके किसी मंत्री और सांसद के आगमन पर पटाखा फोड़ने पर क्यों नहीं लेता कोई संज्ञान ?

-संवाददाता-

**एमसीबी/चिरमिरी,13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।** नवीन जिले एमसीबी के मनेंद्रगढ़ विधानसभा से विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के सहायक अपनी धर्मपत्नी का जन्मदिवस उत्साह प्रदर्शित कर मुसीबत में फंस गए हैं और उनके ऊपर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है जो इसलिए दर्ज की गई पुलिस प्राथमिकी है क्योंकि उन्होंने अपने मोहल्ले की सड़क पर ही अपनी गाड़ी के सामने के भाग में केक रखकर अपनी पत्नी से केक कटवाया था और उन्होंने सड़क पर आतिशबाजी भी की थी,मामला मंत्री के सहायक से जुड़ा था इसलिए मामला राजनीतिक हो गया और इसे गलत ठहराया गया और हो हल्ला देखकर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करनी पड़ी जो माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के उल्लंघन का अपराध मानते हुए दर्ज पुलिस प्राथमिकी के रूप में दर्ज हुई, मंत्री के निज सहायक का मामला था मामले का तूल पकड़ना भी तय था और हुआ भी वैसा ही और जमकर राजनीतिक बयानबाजी भी सामने आई लेकिन इस बीच इस विषय में कोई बयान सामने नहीं आया कि केवल मंत्री के सहायक का ऐसा उत्साह प्रदर्शन ही माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन नहीं? माननीय न्यायालय के आदेश का उल्लंघन प्रतिदिन नजर आता है जो कई बार नजर आता है जिसमें यह देखने को मिलता है कि जब कोई मंत्री,सांसद,विधायक कहीं पहुंचता है तो समर्थक उसके स्वागत में राष्ट्रीय राज्यमार्ग में भी उत्साह प्रदर्शन करते हैं और पटाखे फोड़ते हैं और सड़क जाम करते हैं,अब सवाल यह है कि यदि मंत्री के निज सहायक यदि एक मोहल्ले की कम आवागमन वाली सड़क पर यदि अपनी पत्नी का जन्मदिवस उत्साह प्रदर्शित करते हैं वह केक काटते हैं अपनी गाड़ी पर और पटाखे भी सड़क पर फोड़ते हैं और ऐसा करना यदि अपराध है और न्यायालय के आदेश की अवमानना है तो क्या मंत्री,सांसद,विधायक के आगमन पर राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर किया जाने वाला उत्साह प्रदर्शन क्या न्यायालय के आदेश की अवहेलना के अंतर्गत नहीं आता। पूरे मामले में मंत्री के निज सहायक की पत्नी के जन्मदिवस उत्साह आयोजन मामले में जो राजनीति देखने को मिली क्या वह मंत्री,सांसद, विधायक के आगमन पर होने वाले उत्साह आयोजनों जिसमे सड़क जाम की स्थिति नजर आती है क्या उसमें भी अब बयान सुनने को मिलेंगे, क्या ऐसे मामलों में भी पुलिस प्राथमिकी दर्ज होगी,या फिर मंत्री के निज सहायक पर की गई राजनीति आखिरी होगी और बड़े लोगों के आगमन पर होने वाले उत्साह आयोजन सड़क पर होते रहेंगे।

### मंत्री का निज सहायक होना ही क्या बन गई मुसीबत,वरना नहीं देता कोई ध्यान ?

पूरे मामले में एक सवाल यह है कि क्या मंत्री का निज सहायक होना ही मात्र कारण बन गया जो निज सचिव पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज हुई वरना आम व्यक्ति या मंत्री, सांसद, विधायक होने पर ऐसा नहीं होता कोई ध्यान नहीं देता बात का बतंगड़ नहीं बनता,वैसे ऐसा कहना गलत भी नहीं है, मंत्री का निज सचिव होना ही पूरे मामले को तूल दे गया वरना ऐसे मामले रोज सामने आते हैं जब सड़कों पर पटाखे फोड़े जाते हैं या फिर सड़को पर गाड़ियों में रखकर केक काटे जाते हैं, मंत्री, सांसद, विधायक होने पर कोई ध्यान नहीं देता उसकी आदत बनी हुई है उनके आगमन पर ऐसा होना आम है इसलिए उनके कार्यक्रमों में ऐसे कृत्य तय रहते हैं इसलिए मामले में कोई ध्यान नहीं देता न मामला सुर्खियों में बनता नजर आता है।

### मामले में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने लिया संज्ञान

मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया है,हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश अमितेंद्र प्रसाद की खंडपीठ ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। साथ ही सरकार को भी कहा कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें। वहीं सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने कहा कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी भी की गई है।

### मामले में प्राथमिकी तो की गई पुलिस द्वारा दर्ज लेकिन न आरोपी का नाम लिखा न गाड़ी नंबर...

मंत्री के निज सचिव ने सड़क पर सड़क जाम करके अपनी पत्नी का जन्मदिवस मनाया यह मुद्दा सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोरता नजर आया,पूरे मामले में राजनीति भी खूब नजर आई वहीं जब राजनीति हुई और मामला तूल पकड़ता नजर आया पुलिस ने भी मामले में तत्परता दिखाई और पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर ली,वैसे पुलिस ने प्राथमिकी जो दर्ज की वह भी गजब की प्राथमिकी है,पुलिस ने सफेद कार के मालिक के नाम से प्राथमिकी दर्ज की और कई धाराएं प्राथमिकी अनुसार मामले में दर्ज की लेकिन सफेद कार का न नंबर लिखा है और न उसके मालिक का ही नाम प्राथमिकी में दर्ज किया है,वैसे बताया जाता है कि पुलिस मंत्री से जुड़ा मामला होने के कारण मजबूर हुई वहीं प्राथमिकी दर्ज कराने जब कोई नहीं पहुंचा तब उसने खुद एक आरक्षक से प्राथमिकी सूचना आधारित दर्ज कराई, वैसे मामले में राजनीति करने वालों ने भी केवल राजनीति तक ही मामले में अपनी भूमिका निभाई न प्राथमिकी दर्ज वह करने पहुंचे न उन्होंने कोई शिकायत ही की।

### विधि अनुसार कार्यवाही होगी श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़

मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी बयान दिया है,उन्होंने कहा कि संविधान देश का सभी के लिए है वह मैं स्वयं रहूं या मेरे निज सहायक, भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत कार्यवाही होगी जिसमें संदेह की आवश्यकता नहीं है,स्वास्थ्य मंत्री ने पूरे मामले में अपना पक्ष रखते हुए कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया।

### मेरे करीबियों ने गली की सड़क पर फोड़े पटाखे,राजेंद्र दास निज सहायक स्वास्थ्य मंत्री

मामले में स्वास्थ्य मंत्री के निज सहायक राजेंद्र दास ने भी बयान दिया है,उन्होंने कहा कि पटाखे उनके करीबियों ने गली की सड़क पर फोड़े हैं,कांग्रेस का यह आरोप की पटाखे राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर फोड़े गए यह सरासर गलत आरोप है,गली की सड़क को कांग्रेस मुख्य मार्ग बताकर बेवजह का आरोप लगा रही है।

# खाद्य सुरक्षा की सशक्त परिकल्पना: जिले की सार्वजनिक वितरण प्रणाली से साकार होता जन-कल्याण

-संवाददाता-

**एमसीबी,13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ राज्य सदैव अपने नागरिकों के जीवन-स्तर को उन्नत बनाने, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने और सामाजिक न्याय की भावना को सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहा है। राज्य सरकार के खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं न केवल जनजीवन की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही हैं, बल्कि गरीबी उन्मूलन, सामाजिक समानता और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी ऐतिहासिक योगदान दे रही हैं।

खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 तथा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत जारी राशन कार्ड राज्य के लाखों परिवारों तक खाद्यान्न एवं आवश्यक वस्तुओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। यह केवल एक शासन व्यवस्था नहीं,बल्कि राज्य सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता का जीवंत प्रतीक है कि छत्तीसगढ़ में कोई भी नागरिक भूखा न रहे।





### खाद्य सुरक्षा के डिजिटल प्रबंधन की नई पहल

डिजिटल इंडिया अभियान की भावना को साकार करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने खाद्य वितरण प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह और जनसुलभ बनाने के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाया है। राज्य के सभी जिलों और विकासखण्डों में राशनकार्ड वितरण एवं खाद्यान्न आपूर्ति की प्रक्रिया को ऑनलाइन पोर्टल से जोड़ा गया है। जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अंतर्गत भरतपुर,खड़गवां,मनेन्द्रगढ़,जनकपुर, खोंगापानी,झगराखाण्ड,नईलेदरी और चिरमिरी जैसे क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों की संपूर्ण जानकारी डिजिटल रूप में उपलब्ध है। इससे आम नागरिक को पारदर्शी व्यवस्था के तहत अपनी पात्रता और लाभ की जानकारी सरलता से मिल रही है। जिसमें भरतपुर विकासखण्ड में कुल 31,908 राशनकार्डधारी परिवारों में 13,376 अंत्योदय कार्ड,39 निराश्रित कार्ड, 17,520 प्राथमिकता कार्ड, 19 निःशक्तजन कार्ड और 954 एपीएल परिवार शामिल हैं। खड़गवां विकासखण्ड में 4,354 अंत्योदय कार्ड, 21 निराश्रित कार्ड,12,629 प्राथमिकता कार्ड, 2 निःशक्तजन कार्ड और 819 एपीएल परिवारों सहित कुल 17,825 लाभार्थी परिवार हैं। मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक में 5,932 अंत्योदय कार्ड, 114 निराश्रित कार्ड, 19,604 प्राथमिकता कार्ड, 10 निःशक्तजन कार्ड और 1,856 एपीएल परिवार सहित कुल 27,516 परिवार इस योजना से जुड़े हैं। सभी ब्लॉकों को मिलाकर कुल 77,249 परिवार खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं,जो यह दर्शाता है कि जिले की प्रतिबद्धता केवल आंकड़ों में नहीं,बल्कि हर थाली में अन्न के रूप में साकार है।

नगरीय निकायों में पोषण सुरक्षा का विस्तार- खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ नगरीय निकायों के नागरिकों तक भी समान रूप से पहुंच रहा है। जनकपुर नगर पंचायत में 2 अंत्योदय राशन कार्ड परिवार हैं, जबकि नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में 9,997 लाभार्थी हैं जिनमें 1,793 अंत्योदय कार्ड,18 निराश्रित कार्ड, 5,163 प्राथमिकता कार्ड, 10 निःशक्तजन कार्ड और 3,013 एपीएल परिवार शामिल हैं। खोगापानी में 945 अंत्योदय कार्ड,11 निराश्रित कार्ड, 2,442 प्राथमिकता कार्ड, 2 निःशक्तजन कार्ड और 902 एपीएल परिवार सहित कुल 4,302 परिवारों को खाद्यान्न का लाभ मिल रहा है। झगराखांड में 296 अंत्योदय कार्ड, 9 निराश्रित कार्ड,1192 प्राथमिकता कार्ड,0 निःशक्तजन कार्ड और 557 एपीएल परिवार सहित कुल 2054 परिवारों को खाद्यान्न का लाभ मिल रहा है। नई लेदरी में 259 अंत्योदय कार्ड, 3 निराश्रित कार्ड,737 प्राथमिकता कार्ड, 2 निःशक्तजन कार्ड और 438 एपीएल परिवार सहित कुल 1439 परिवारों को खाद्यान्न का लाभ मिल रहा है। तथा चिरमिरी नगर पालिका क्षेत्र में 2163 अंत्योदय कार्ड,66 निराश्रित कार्ड, 9028 प्राथमिकता कार्ड, 23 निःशक्तजन कार्ड और 7585 एपीएल परिवार सहित कुल 18865 परिवारों को खाद्यान्न का लाभ मिल रहा है। परिवार इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं। यदि सभी नगरीय निकायों का संयुक्त योग देखें तो 36,659 परिवार खाद्य सुरक्षा के दायरे में हैं, जिनमें 5,458 अंत्योदय, 107 निराश्रित,18,562 प्राथमिकता संस्था,37 निःशक्तजन और 12,495 एपीएल परिवार शामिल हैं। यह उपलब्धि इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रामीण से लेकर नगरीय स्तर तक हर वर्ग को समान रूप से खाद्य सुरक्षा प्रदान की है।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही का नया युग

खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और तकनीकी सुदृढ़ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। अब प्रत्येक लाभार्थी अपने राशन कार्ड की स्थिति,नाम और वितरण विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर देख सकता है। साथ ही किसी भी अनियमितता की शिकायत दर्ज करने की सुविधा भी उपलब्ध है,जिससे प्रणाली में विश्वास और ईमानदारी दोनों सुनिश्चित हुए हैं। एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र) छत्तीसगढ़ द्वारा विकसित इस पोर्टल ने राज्य के लाखों गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रक्रिया को न केवल सरल बल्कि पूर्णतः पारदर्शी बनाया है। अब प्रत्येक पात्र परिवार को प्रतिमाह निर्धारित दर पर चावल,गेहूं,शक्कर और नमक जैसी आवश्यक वस्तुएं सुचारू रूप से मिल रही हैं।

**खाद्य सुरक्षा से सशक्त होता मानव विकास :** खाद्य सुरक्षा केवल अनाज वितरण की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, पोषण और सम्मान की भावना को साकार करने का सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि राज्य का कोई भी नागरिक भुखमरी या कुपोषण का शिकार न हो। राज्य के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य विभाग के बीच समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। इन योजनाओं ने विशेष रूप से आदिवासी, अनुसूचित जाति एवं वंचित वर्गों को पोषण की मुख्यधारा से जोड़ा है, जिससे मानव विकास सूचकांक में निरंतर सुधार हो रहा है।

**एमसीबी जिला सशक्त, सुरक्षित और पोषित छत्तीसगढ़ की ओर :** छत्तीसगढ़ की सार्वजनिक वितरण प्रणाली आज देश के अन्य राज्यों के लिए आदर्श मॉडल बन चुकी है। यहां खाद्यान्न वितरण का दायरा विस्तृत है,तकनीकी ढांचा मजबूत है और लाभार्थियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। डिजिटलीकरण के माध्यम से हर पात्र परिवार तक खाद्य सुरक्षा पहुंचाना अब एक हकीकत बन गया है। एनआईसी छत्तीसगढ़ द्वारा विकसित पोर्टल ने इस दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन लाया है। यह केवल एक योजना नहीं,बल्कि राज्य की संवेदनशील शासन व्यवस्था और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है, जो यह सुनिश्चित करती है कि कोई भूखा न सोए, हर थाली में अन्न हो। यह संपादकीय छत्तीसगढ़ सरकार की खाद्य सुरक्षा नीति की सफलता का जीवंत दस्तावेज है, जो दर्शाता है कि राज्य किस तरह तकनीक, पारदर्शिता और संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से नागरिकों की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति कर रहा है। यही है सशक्त छत्तीसगढ़-सुरक्षित छत्तीसगढ़-पोषित छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ता हुआ एक आत्मविश्वासी,संवेदनशील और जनकेंद्रित राज्य है।

# बालको ने रन फॉर जीरो हंगर में चौथी बार दिया सबसे अधिक पोषणयुक्त मील का योगदान

-संवाददाता-

**एमसीबी,13 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट टीम भावना और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए वीडीएचएम 'रन फॉर जीरो हंगर' चैलेंज 2025 का खिताब जीत लिया। इस वर्ष बालको ने लगातार चौथी बार यह ट्रॉफी अपने नाम की,जिससे समूह के भीतर बालको की फिटनेस,एकता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति समर्पण की भावना पुनः प्रदर्शित हुई। 12 अक्टूबर तक चले इस अभियान में बालको ने कुल 15,93,142 किलोमीटर की दूरी तय की। वेदांता समूह की सभी व्यावसायिक इकाइयों में बालको इस वर्ष भी शीर्ष स्थान पर रहा। दिल्ली में आयोजित भव्य समापन समारोह में बालको को ट्रॉफी प्रदान की गई। वेदांता समूह के 'रन फॉर जीरो हंगर' अभियान का उद्देश्य है कर्मचारियों द्वारा तय किए गए प्रत्येक किलोमीटर के बदले जरूरतमंद बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना। इस वर्ष वेदांता समूह ने तय 5 मिलियन किलोमीटर के लक्ष्य को हासिल किया। लगभग दो महीनों तक चले इस अभियान में बालको के कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, व्यावसायिक साझेदारों और समुदाय के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभियान ने न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित किया, बल्कि सामूहिक प्रयास और समाजसेवा की भावना को भी सशक्त किया। प्राप्त ट्रॉफी को बालको परिवार की मेहनत का परिणाम बताते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि लगातार चौथी बार वीडीएचएम चैलेंज में विजेता बनना हमारे बालको परिवार की प्रतिबद्धता और एकजुटता का प्रमाण है। इस वर्ष 1.5 मिलियन से अधिक किलोमीटर की दूरी करना समुदाय की भलाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। फिटनेस के साथ समाजसेवा को जोड़ने का यह प्रयास हमारे स्वास्थ्य प्रथम दृष्टिकोण को और मजबूती प्रदान करता है। समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल के समाज को वापस देने की भावना के अनुरूप, जुटाए गए भोजन को भारत के 14 राज्यों में संचालित लगभग 6,500 नंद घरों के बच्चों तक पहुँचाया जाएगा।



# दिल्ली टेस्ट : चौथे दिन का खेल खत्म, भारत दूसरी पारी में 63/1
# जीत के लिए अब भी 58 रन की जरूरत, राहुल-सुदर्शन नाबाद लौटे

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2025।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल खत्म हो गया है। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 63 रन बना लिए हैं। भारत को जीत के लिए अब महज 58 रन की जरूरत है। साई सुदर्शन 30 और केएल राहुल 25 रन बनाकर नाबाद हैं। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर घोषित की थी। जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 248 रन पर सिमट गई थी। इससे भारतीय टीम ने 270 रन की बढ़त लेने के बाद वेस्टइंडीज की टीम को फॉलोऑन खेलने दिया था। वेस्टइंडीज ने फॉलोऑन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाए। इससे वेस्टइंडीज की कुल बढ़त 120 रन की हुई और भारत को जीत के लिए 121 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में अपनी दूसरी पारी में भारतीय टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 63 रन बना लिए हैं। टीम को पांचवें यानी आखिरी दिन जीत के लिए 58 रन बनाने हैं। साई सुदर्शन 47 गेंदों 30 रन और केएल राहुल 54 गेंदों में 25 रन बनाकर खेल रहे हैं। एक मात्र विकेट सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का गिरा, जिन्होंने 8 रन बनाए। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 390 रन पर सिमटीइससे पहले सोमवार सुबह चौथे दिन



वेस्टइंडीज की टीम ने दो विकेट पर 173 रन से आगे खेलना शुरू किया। सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल ने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़ा। हालांकि, वह शतक लगाने के बाद ज्यादा देर मैदान पर नहीं टिक सके और रविन्द्र जडेजा की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू हो गए। कैंपबेल ने 199 गेंद में 12 चौके और तीन छक्कों की मदद से 115 रन की पारी खेली। लंच के बाद शाई होप ने भी अपना शतक पूरा किया, लेकिन वह भी शतक के बाद पवेलियन लौट गए। मोहम्मद सिराज ने उन्हें चलता किया। होप ने 214 गेंद पर 12 चौके और दो छक्कों की मदद से 103 रन बनाए। वेस्टइंडीज का 293 के स्कोर पर पांचवां विकेट गिरा। कुलदीप यादव ने तेविन इमलाच को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह 12 रन बना सके। फिर 298 के स्कोर पर कुलदीप ने वेस्टइंडीज को लगातार दो झटके दिए। पहले कप्तान रोस्टन चेज को आउट किया, जिन्होंने 40 रन की पारी खेली। इसके बाद खारी पियरे को अपना शिकार बनाया। पियरे खाता भी नहीं खोल सके। वेस्टइंडीज का 307 के स्कोर पर जसप्रीत बुमराह ने आठवां विकेट गिराया। बुमराह ने जोमेल वारिकन को क्लीन बोल्ड किया। वारिकन मात्र 3 रन बना सके।



### वेस्टइंडीज ने पहली पारी में बनाए 248 रन

वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 248 रन बनाए थे। टीम के लिए एलिक एथनाजे ने सबसे रन बनाए। उन्होंने 84 गेंदों में 41 रन बनाए। इसके अलावा होप ने 57 गेंदों में 36 रन, टी. चंद्रपॉल ने 34, खारी पियरे ने 23, तेविन इमलाच 21, जस्टिन ग्रीव्स 17, जॉन कैंपबेल 10 और एंडरसन फिलिप ने नाबाद 24 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 5 विकेट लिए, जबकि रविन्द्र जडेजा ने 3 विकेट, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने एक-एक विकेट लिया।

मेहमान टीम का नौंवा विकेट एंडरसन फिलिप के रूप में गिरा। फिलिप ने 2 रन बनाए। आखिरी विकेट के लिए भारतीय गेंदबाजों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जेडन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स ने 50 रन से ज्यादा की साझेदारी कर डाली। आखिरकार बुमराह ने सील्स को आउट कर पारी का अंत किया। सील्स ने 32 रन और ग्रीव्स ने नाबाद 50 रन की पारी खेली। इस तरह वेस्टइंडीज ने फॉलोऑन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज को दो विकेट मिले। रविन्द्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिया।

### भारत ने पहली पारी 518 रन पर की थी घोषित

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 518 रन बनाकर घोषित की थी। कप्तान शुभमन गिल ने 129 रन की नाबाद पारी खेलते हुए अपने टेस्ट करियर का 10 वां शतक जड़ा था। यशस्वी जायसवाल ने 175 रन की उत्कृष्ट पारी खेली थी। जायसवाल और गिल के अलावा साई सुदर्शन ने 87 रन, ध्रुव जुरेल 44 रन, नीतीश कुमार रेड्डी 43 रन और केएल राहुल ने 38 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से पहली पारी में जोमेल वारिकन ने 3 और रॉस्टन चेज ने एक विकेट लिया। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का यह दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। सीरीज में भारतीय टीम पहला मैच जीतकर 1-0 से आगे है।

# लाहौर टेस्ट : साउथ अफ्रीका 216/6, टोनी डी जॉर्जी 81 रन बनाकर नाबाद, पाकिस्तान ने पहली पारी में 378 रन बनाए

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2025।** पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच लाहौर में दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। साउथ अफ्रीका ने दूसरे दिन स्टंप्स तक 6 विकेट खोकर 216 रन बना लिए हैं। टीम अब भी पाकिस्तान से 162 रन पीछे है। टोनी डी जॉर्जी 81 और सेनुरन मुथुस्वामी 6 रन बनाकर नाबाद लौटे हैं।ओपनर रायन रिकेल्टन ने 71 रन की पारी खेली। नोमान अली ने 4 विकेट लिए। सोमवार को पाकिस्तान ने पहले दिन के स्कोर 313/5 से आगे खेलना शुरू किया और 65 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए। टीम 378 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान से इमाम-उल-हक और सलमान आगा ने सबसे ज्यादा 93-93 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की तरफ से सेनुरन मुथुस्वामी ने 6 विकेट लिए।

### सिर्फ 20 रन बना सके कप्तान मार्करम

साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने 45 रन पर कप्तान ऐडन मार्करम का



विकेट खो दिया। मार्करम ने 37 बॉल पर 20 रन बनाए। उन्हें नोमान अली ने विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। इसके बाद रायन रिकेल्टन ने पारी को आगे बढ़ाया। उन्होंने 137 बॉल पर 71 रन बनाए। रिकेल्टन को सलमान आगा ने आउट किया। ट्रिस्टन स्टब्स 8 और डेवाल्ड ब्रेविस शून्य के स्कोर पर आउट हुए।

**डी जॉर्जी की फिफ्टी :** मिडिल ऑर्डर बैटर टोनी डी जॉर्जी ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 140 बॉल पर नाबाद 81 रन बनाए। 9 चौके और एक छक्का भी लगाया। विकेटकीपर काइल वेरेन्या 2 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें नोमान अली ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। पाकिस्तान से सबसे ज्यादा 4 विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर नोमान अली को मिले। उनके अलावा साजिद खान और सलमान आगा ने एक-एक विकेट निकाले।

### रिजवान 75 रन बनाकर आउट हुए

इससे पहले पाकिस्तान ने सोमवार को 313/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। दिन का पहला विकेट रिजवान का गिरा। रिजवान 75 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नोमान अली और साजिद खान खाता भी नहीं खोल सके। शाहीन शाह अफरीदी 7 रन बनाकर लौटे। पारी का आखिरी विकेट सलमान आगा का गिरा। आगा 93 रन बनाकर पवेलियन लौटे। साउथ अफ्रीका की तरफ से सेनुरन मुथुस्वामी ने सबसे ज्यादा 6 विकेट झटके। प्रेनेलन सुब्रयेन ने 2 विकेट लिए। कागिसो रबाडा और सिमोन हार्मर को एक-एक विकेट मिला।

# पाकिस्तान के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर वजीर मोहम्मद का निधन, 95 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2025।** पाकिस्तान के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर वजीर मोहम्मद का सोमवार को बर्मिंघम में निधन हो गया है। वजीर ने 95 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। वजीर टेस्ट खिलाड़ी हनीफ, मुश्ताक और सादिक मोहम्मद के बड़े भाई थे। उन्होंने 1952 से 1959 के बीच 20 टेस्ट मैच खेले थे। वह 1952 में पहली बार टेस्ट सीरीज खेलने वाली पाकिस्तानी टीम के सबसे बुजुर्ग जीवित सदस्य थे।

### पीसीबी के सलाहकार के रूप में भी किया काम

प्रसिद्ध मोहम्मद बंधुओं के परिवार में सबसे बड़े वजीर ने संन्यास के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सलाहकार के रूप में भी काम किया। इसके बाद वे ब्रिटेन चले गए जहां उनका निधन हुआ। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शोक संतप्त परिवार के





प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और पाकिस्तान क्रिकेट में वजीर के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। अपने अन्य भाइयों की तरह कलात्मक बल्लेबाज वज़ीर ने पाकिस्तान की शुरुआती टेस्ट जीत में कुछ यादगार पारियां खेलीं। इसमें 1957-58 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में खेली गई 189 रनों की मैराथन पारी भी शामिल है, जिसने पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह 42 रन के साथ 1954 में ओवल टेस्ट जीत दर्ज करने वाली पाकिस्तान टीम के शीर्ष स्कोरर भी रहे।

# शैनन टैन ने जीता गोल्फ महिला इंडियन ओपन का खिताब, हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर रही

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2025।** सिंगापुर की शैनन टैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला इंडियन ओपन 2025 गोल्फ का खिताब अपने नाम किया। जीतकर लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। भारत की हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर रही। टैन ने पिछले साल मैजिकल केन्या महिला ओपन में अपना पहला एलईटी गोल्फ खिताब जीता था और जून में अमुंडी जर्मन मास्टर्स में जीत दर्ज की थी। उन्होंने रविवार को गुरुग्राम के डीएफएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में कुल सात अंडर 281 का स्कोर बनाया और इंग्लैंड की एलिस हेवसन को पछाड़कर खिताब जीता। आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और पांच अंडर का स्कोर बनाया। आखिरी होल में हेवसन ने टैन पर एक शॉट की बढ़त बनाए रखी,लेकिन डबल बोगी के साथ सीधे पानी में चली गई। टैन आखिरी होल में बर्डी पुट चूक गईं, लेकिन फिर भी नाटकीय अंदाज में खिताब जीत लिया। जीत के बाद टैन ने कहा, मैं अभी भी सदमे में हूं। इस हफ्ते बहुत कुछ हुआ, शुरुआत में वीजा मिलने में देरी और मंगलवार को यहां पहुंचने तक। जो कुछ हुआ उससे मैं सदमे में हूं, लेकिन मैं सचमुच आभारी हूं और खुश हूं कि मुझे यहां खेलने का मौका मिला। शीर्ष पर चल रही भारत की हिताशी बख्शी का अंतिम राउंड कुछ खास नहीं रहा और वह चार



ओवर 76 का स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर रहीं। हिताशी 54 होल के बाद दो शॉट की बढ़त बनाए हुए थीं और टैन से सात शॉट आगे थीं। अंततः वह सिंगापुर की खिलाड़ी से दो शॉट पीछे रहीं और अपना पहला एलईटी खिताब जीतने से चूक गईं। दो अन्य भारतीय गोल्फर शीर्ष पांच में रहीं,प्रणवी उर्स (चार अंडर) चौथे स्थान पर रहीं और अवनि प्रशांत (तीन अंडर) ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। वाणी कपूर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं। दो बार की ओलंपियन दीक्षा डागर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 10 ओवर के कुल स्कोर के साथ 41वें स्थान पर रहीं।

# 14 साल के वैभव सूर्यवंशी बिहार रणजी टीम के उपकप्तान
## शुरुआती दो राउंड के लिए टीम का ऐलान, सकीबुल गनी कप्तानी करेंगे

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2025।** वैभव सूर्यवंशी को 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के लिए बिहार टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम की कप्तानी बल्लेबाज सकीबुल गनी करेंगे। अगले साल की शुरुआत में अंडर-19 वर्ल्ड कप होना है। ऐसे में वैभव का पूरे सीजन खेलना मुश्किल है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले दो राउंड के लिए टीम जारी की है। बिहार 15 अक्टूबर को अपने पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश से भिड़ेगा। इसके बाद 25 अक्टूबर को उसका सामना मणिपुर से होगा।

### इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में जड़े

शतक 14 साल के वैभव ने भारत की अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में शतक जड़े हैं। वैभव ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इंडिया अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए ब्रिस्बेन में पहले यूथ टेस्ट में 78 गेंदों पर शतक लगाया। ऑस्ट्रेलिया में हुई मल्टी-डे सीरीज में वह



दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने तीन पारियों में कुल 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यूथ वनडे में तीन मैचों में 124 रन बनाए। इसमें एक 68 गेंदों में 70 रन की पारी भी शामिल थी। इससे पहले, इंग्लैंड के खिलाफ 5 यूथ वनडे मैचों में उन्होंने 174.02 के स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए थे। लेफ्ट हैंड बैटर वैभव इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। 14 साल की उम्र में सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़ा था।

**बिहार एसोसिएशन के पास सिलेक्शन पैनल नहीं :** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पास रणजी ट्रॉफी के लिए टीम का चयन करने के लिए सिलेक्टर्स नहीं थे। हालांकि, बीसीसीआई के आदेश के बाद एसोसिएशन ने दो सदस्यीय पैनल बनाकर टीम का ऐलान किया। बीसीसीआई ने बीसीए को जल्द से जल्द पांच सदस्यीय सिलेक्शन पैनल नियुक्त करने का निर्देश दिया है।

### बिहार की रणजी टीम

सकीबुल गनी (कप्तान),वैभव सूर्यवंशी (उपकप्तान),पीयूष कुमार सिंह,भास्कर दुबे, अर्नव किशोर,आयुष लोहारूका,बिपिन सौरभ,अमोद यादव,नवाज खान,साकिब हुसैन,राघवेंद्र प्रताप सिंह,सचिन कुमार सिंह,हिमांशु सिंह,खालिद आलम और सचिन कुमार।

# घर में सब बॉलिंग कोच बन गए : क्रिकेटर अर्शदीप
## छक्का खाने पर पूछते हैं-तूने यॉर्कर क्यों नहीं डाली, सबको जवाब देना पड़ता है...

**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर 2025।** भारतीय क्रिकेटर अर्शदीप सिंह ने बताया कि घर में सारे उनके बॉलिंग कोच बन गए हैं। कोच का मैसेज कम आता है,घर से ज्यादा मैसेज आते हैं। मैच खत्म होने के आधे घंटे बाद ही पापा की तरफ से चैट,मम्मी बलजीत कौर और अब तो बहन गुरलीन कौर भी छेड़ती हैं। लिखती हैं-तेरे को पता छक्का नहीं खाना था, तूने यॉर्कर क्यों नहीं डाली। मम्मी सोशल मीडिया देखती हैं,उन्हें पता लग गया कि यॉर्कर डालने से छक्का नहीं लगता है। वह कहती हैं- तुझे पता नहीं है, वो मार रहे थे, तुझे यॉर्कर डालनी थी। सबको जवाब देना पड़ता है। अर्शदीप ने बताया कि अच्छे मैच के बाद तो पापा (दर्शन सिंह) बोलते नहीं हैं। वे जवानी में क्रिकेट खेलते थे, फिर जॉब लग गई तो छोड़ना पड़ा। अब दोबारा इंटरेस्ट आया है। वे आउटस्विंग डालते हैं और राइट आर्म बॉलर हैं। मैच के बाद वे अपने आंकड़े भेज देते हैं-



मेरे चार ओवर,19 रन, दो विकेट- मेरे से अच्छा कर लेना। उनकी तरफ से प्रेशर रहता है। अर्शदीप ने ये बातें यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कहीं।

**मम्मी की साइकिल की कहानी से उठाया पर्दा :** अर्शदीप ने कहा कि कई जगह मेरे क्रिकेटर बनने की कहानी भी अलग-अलग चली है,क्योंकि मम्मी-पापा को इंटरव्यू देना अच्छा लगता है। ऐसे में बातें अलग हो जाती हैं। असल बात यह है कि जब मैं छोटा था, तब मेरी एकेडमी और स्कूल अलग जगह पर थे। मम्मी छोड़ आती थीं। शाम को एकेडमी से लेकर आती थीं। फिर मैं बड़ा हो गया। हमने घर बना लिया। अर्शदीप ने कहा कि एकेडमी 15 किलोमीटर दूर थी। बस में ट्रैवल करना हेक्टिक था। कई बार गिरने का डर रहता था। सर्दियों में मुश्किल और बढ़ जाती थी। घरवालों ने साइकिल दिलवाई। पापा कहते थे तेरी थाई बन जाएगी। मैं दिन में 28-30 किलोमीटर साइकिल चलाता था, प्रैक्टिस अलग करता था। रोजाना कारों से मुकाबला करता था। इंटरव्यू के दौरान अर्शदीप ने कहा कि मुझे मम्मी साइकिल पर छोड़ने आती रही हैं। एक दिन मैंने मम्मी से कहा कि इतनी फिटनेस मेरी नहीं, जितनी आपकी हो गई।

**मम्मी ने बैंक खाता जॉइंट करवा लिया :** क्रिकेटर ने कहा कि पहली बार जब तगड़ा चेक आया, तो मम्मी-डैडी से पूछा क्या लेकर आऊं,तो वह कुछ नहीं बोले। इसके बाद मम्मी ने जॉइंट अकाउंट करवा लिया। बिना पूछे अब उनके खाते में ही जा रहा है। अर्शदीप ने कहा कि जब हंबल बैकग्राउंड से आते हैं तो छोटी-छोटी चीजों से खुश हो जाते हैं। आज हमने बटर चिकन खा लिया, 2-4 परांठे हो गए। यही जिंदगी है,छोटी-छोटी खुशियों में आदमी खुश हो जाता है।

**मम्मी-डैडी डिमांड नहीं करते :** अर्शदीप ने आगे कहा कि मम्मी-डैडी डिमांड नहीं करते हैं। चीज देख लेते हैं,पसंद भी आ जाती है, कहेंगे क्वालिटी ठीक नहीं है। गाड़ी भी नई लेनी है। मुझे शौक नहीं है। मम्मी को गाड़ियों का शौक है। पापा को जमीन से प्यार है। जमीन देखी और खरीद ली। जमीन खरीदते हैं,बेचते नहीं हैं।

# पहले एशेज टेस्ट में खेलने की संभावना कम : पैट कमिंस

**सिडनी, 13 अक्टूबर 2025।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया है कि इंग्लैंड के खिलाफ 21 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में उनके खेलने की संभावना कम है। कमिंस फिलहाल अपनी कमर की चोट से उबरने की प्रक्रिया में हैं और उन्होंने हाल ही में दौड़ना शुरू किया है। सितंबर की शुरुआत में कमिंस की कमर में लंबर बोन स्ट्रेस की समस्या सामने आई थी। तब से उन्होंने एक भी गेंद नहीं फेंकी है। वह आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेले थे। सोमवार को सिडनी में फॉक्स क्रिकेट सीजन लॉन्च इवेंट में कमिंस ने कहा, मैं कहूंगा कि पहले टेस्ट में खेलने की संभावना कम है। लेकिन अभी थोड़ा समय बाकी है। मैं आज दौड़ रहा हूं और हर दूसरे दिन रनिंग कर रहा हूं। अगले हफ्ते से बॉलिंग की तैयारी शुरू होगी। शायद दो हफ्तों में फिर से स्पाइक्स पहनकर नेट्स में उतरूं। उन्होंने कहा, टेस्ट खेलने के लिए शरीर को पूरी तरह तैयार करने में कम से कम एक महीने का समय चाहिए। अगर आप टेस्ट मैच में खेलना चाहते हैं तो आपको तैयार रहना होगा कि दिन में 20 ओवर गेंदबाजी कर सकें। चार हफ्ते काफी कम समय है लेकिन संभव है। कमिंस ने बताया कि उनकी पीठ अब काफी बेहतर महसूस कर रही है। उन्होंने कहा, कुछ दिन ऐसे होते हैं जब मैं झुंझलाता हूं क्योंकि यह एशेज है और बड़ा समर है। लेकिन फिर सोचता हूं कि पिछले सात-आठ साल से मैंने लगभग बिना रुकावट घरेलू समर खेले हैं। शायद अब मेरी बारी है थोड़ी मुश्किल झेलने की। कमिंस ने माना कि दौड़ने से गेंदबाजी तक का सफर धीरे-धीरे तय होगा। इसके लिए उन्हें विशेष जिम वर्क और बॉडी को तैयार करने में समय लगेगा। उन्होंने कहा, अब दर्द नहीं है, बस वर्कलोड को धीरे-धीरे बढ़ा रहा हूं ताकि शरीर सही प्रतिक्रिया दे। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पिछले हफ्ते कहा था कि कमिंस की उपलब्धता पर फैसला शुक्रवार को लिया जा सकता है।



## कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस : कानून-व्यवस्था, मादक पदार्थ नियंत्रण और सड़क सुरक्षा पर मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश

# अपराधियों में हो कानून का भय और जनता में हो सुरक्षा का अहसास : सीएम साय

**रायपुर,13 अक्टूबर 2025।** छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 अक्टूबर से 3 दिवसीय अफसरों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। सोमवार को सीएम ने सभी जिलों पुलिस अधीक्षकों के कामों की समीक्षा की। स्ककॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था, नशे के अवैध कारोबार और सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के कारोबार पर सख्ती से लगाम लगाई जाए। क्योंकि नशा क्राइम को बढ़ावा देता है। NDPS एक्ट के तहत दर्ज मामलों में समय सीमा के अंदर कार्रवाई की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। मुख्यमंत्री ने अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के भी निर्देश दिए,ताकि अन्य राज्यों से आने वाली अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। वहीं रविवार 12 अक्टूबर को सीएम ने लगभग 9 घंटे तक कलेक्टरों के काम की समीक्षा की थी। काम लापरवाही करने वाले अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अवैध रेत उत्खनन पर सरकार ने कलेक्टरों से लिखा लिखाया डायलॉग पढ़वाया। कलेक्टरों को डराया जा रहा है।

**अवैध रेत उत्खनन पर कांग्रेस ने कही ये बातें :** इधर,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से बातचीत के दौरान अवैध रेत उत्खनन पर कहा कि सरकार ने कलेक्टरों से लिखा लिखाया डायलॉग पढ़वाया। अवैध रेत उत्खनन बंद क्यों नहीं हो रहा है। रेत उत्खनन होना खुद मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया है।

**कलेक्टरों को डराया जा रहा :** उन्होंने कहा कि धान खरीदी की नीति, मिलरों से एग्रीमेंट सरकार करती है, कलेक्टरों को जिम्मेदार ठहराना बताया गया। कलेक्टरों को डराकर दबाव बनाया जा रहा है। सरकार ने धान खरीदी को लेकर नया बहाना ढूंढ लिया है। सीएम ने कहा कि सरकार में साहस नहीं कि वह सुशासन पर चर्चा करे। कानून व्यवस्था, अपराध, भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अराजकता चरम पर है।



### सड़क सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश

मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों से कहा कि नशाखोरी के खिलाफ एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें युवाओं को जागरूक किया जाए और समाज में नशे के दुष्परिणामों को लेकर संदेश दिया जाए। सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए सीएम ने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### सीएम ने सड़क सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

सीएम साय ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं पहनने,नशे में वाहन चलाने जैसे मामलों में कानून का सख्ती से पालन हो और ऐसे लोगों में कानून का भय होना चाहिए। उन्होंने ने सभी जिलों में ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित स्थानों) को चिह्नांकित करने और वहां सुधार कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था,जन सुरक्षा और सामाजिक समस्याओं से निपटने के लिए प्रशासन और पुलिस का संयुक्त प्रयास आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जमीनी स्तर पर कार्रवाई कर जनहित में ठोस परिणाम लाएं।



### आम आदमी को सुरक्षा नहीं दे पा रही सरकार:बैज

कवर्धा में आदिवासी समुदाय के प्रदर्शन को लेकर दीपक बैज ने कहा कि एसपी-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस औपचारिक मुलाकात है। कवर्धा जिला पूरी तरीके से छावनी में बदल गया है। बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ आदिवासी लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। आम आदमी को सरकार सुरक्षा नहीं दे पा रही है। आम जनता त्रस्त हो गई है, इसलिए प्रदर्शन हो रहा है। विष्णु का सुशासन एक ढोंग है। डीएफओ कॉन्फ्रेंस दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की गई। इसमें वनमंडलाधिकारी और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस सत्र में वन विभाग की योजनाओं,वन्यजीव संरक्षण,संसाधनों का प्रबंधन और क्षेत्रीय वन नीतियों की समीक्षा की गई।

## अधिकारी की लाश खेत में मिली करंट से मौत की आशंका



**रायपुर,13 अक्टूबर 2025।** जिले के खम्हार गांव में एक आरईओ (कृषि विस्तार अधिकारी) की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि,अधिकारी गाँव में देर रात अपना खेत देखने गया हुआ था। इसी दौरान जंगली सूअर फंसाने के लिए बिछाए गए तार में वह चपेट में आ गया। काफी देर बाद जब अधिकारी वापस घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में खेत तक पहुंचे,यहाँ कृषि विस्तार अधिकारी की लाश पड़ी हुई थी। जानकारी के मुताबकि, लाल कुमार साहू (40),ग्राम खम्हार रहने वाला था और वर्तमान में गुड्डुबाहाल बहमा में कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ था। रविवार को वह अपने भेलवाटोली स्थित खेत में काम करने गया था और रात में काम खत्म कर घर लौट आया। रात करीब 9 बजे वह दोबारा किसी कृषि कार्य से अपने खेत गया। इस बीच किसी व्यक्ति ने खेत में जंगली सुअर को मारने के लिए करंट प्रवाहित तार बिछा दिया था। उसी की चपेट में आने से लाल कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। बहरहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लैलूंगा थाना प्रभारी रोहित बंजारे ने वैधानिक कार्रवाई और जाँच की बात कही है। दूसरी तरफ लाल कुमार साहू के मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## बीजापुर में एसटीएफ जवान घायल प्रेशर आईईडी नक्सलियों ने किया विस्फोट



**बीजापुर,13 अक्टूबर 2025।** नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच सोमवार को एक बार फिर नक्सलियों की कायराना हरकत सामने आई है। भोपालपट्टनम थाना क्षेत्र के अंतर्गत एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीम एरिया डोमिनेशन पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी में जबरदस्त विस्फोट हो गया,जिसकी चपेट में आने से एक एसटीएफ जवान घायल हो गया। सूत्रों के अनुसार,घायल जवान को तत्काल मौके से निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी कैंप लाया गया, जहाँ प्रारंभिक इलाज के बाद उसे बेहतर उपचार हेतु चॉपर के माध्यम से रायपुर के हायर सेंटर भेजा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र मीना ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवान की स्थिति अब सामान्य है और वह खतरे से बाहर है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां आसपास के इलाकों में नक्सलियों की गतिविधियों का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

## सुप्रसिद्ध गायक प्रेम आनंद चौहान का निधन गाया था छत्तीसगढ़ी गाना हमर अचानकपुर गांव



**रायपुर,13 अक्टूबर 2025।** सुप्रसिद्ध गायक प्रेम आनंद चौहान का निधन हो गया है,उनके निधन पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने शोक जताते हुए कहा, सुना होगे हमर अचानकपुर गांव, संगवारी दुनिया तोर बिना कहा मेर होथे अचानकपुर गांव...से छत्तीसगढ़ के घर घर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले मुंगेली जिले के सुप्रसिद्ध गायक प्रेम आनंद चौहान जी के आकस्मिक निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। उनके जाने से मेरे समेत प्रदेश के संगीत प्रेमियों में शोक की लहर है। आज वे हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके मधुर गीत सदैव लोगों के हृदय में गूंजते रहेंगे। भावपूर्ण श्रद्धांजलि देव सागर ने जताया दु:ख हमारे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक स्वर्गीय श्री प्रेम आनंद चौहान जी का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अनमोल आवाज़ और कला हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगी। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें और उन्हें अपने चरणों में उच्च स्थान दें।

## आत्मसमर्पित नक्सली जोड़े ने थाने में रचाई शादी



**कांकेर,13 अक्टूबर 2025।** छत्तीसगढ़ के पखांजूर में आत्मसमर्पित नक्सली जोड़े ने विवाह कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया। पखांजूर थाना परिसर में यह शादी संपन्न हुई, जहां कभी हथियार थामने वाले हाथ आज मेहंदी से सजे थे। सागर हिरदो और सचिला मांडवी नामक इस जोड़े ने अग्नि को साक्षी मानकर सात जन्मों तक साथ निभाने का वादा किया। थाना परिसर को फूलों से सजाया गया था और मंडप में पारंपरिक रीति-रिवाजों से फेरे और माला बदलने की रस्में पूरी की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। पखांजूर थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट और गोंडाहुर थाना प्रभारी ने इस पहल में अहम भूमिका निभाई। सागर 2014 में नक्सल संगठन से जुड़ा था और उसने दिसंबर 2024 में पखांजूर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया।

# भारतमाला परियोजना में 32 करोड़ का मुआवज़ा घोटाला उजागर

## 7,500 पेज का चालान पेश

**रायपुर,13 अक्टूबर 2025।** भारत सरकार की भारतमाला परियोजना (रायपुर-विशाखापट्टनम हाईवे निर्माण) से जुड़ा एक बड़ा मुआवज़ा घोटाला सामने आया है। रायपुर स्थित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) में करीब 7,500 पृष्ठों का पहला अभियोग पत्र दाखिल किया गया है। यह चालान अपराध क्रमांक 30/2025 से संबंधित है, जिसमें कई राजस्व अधिकारी और निजी व्यक्ति शामिल हैं। लोक सेवक अभियुक्तों में गोपाल राम वर्मा और नरेन्द्र कुमार नायक के नाम प्रमुख हैं, जबकि निजी आरोपियों में उमा तिवारी, केदार तिवारी, हरमीत सिंह खनूजा, विजय कुमार जैन, खेमराज कोशले, पुनुराम देशलहरे, भोजराम साहू और कुंदन बघेल शामिल हैं। इन सभी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 467, 468, 471, 420, 409, 120-बी सहित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धाराएं लगाई गई हैं।

### तीन स्तरों पर घोटाले का खुलासा

- ग्राम नायकबांधा,टोकरो और उरला में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में फर्जी बंटवारा और नामांतरण,
- नायकबांधा जलाशय से संबंधित पूर्व अधिग्रहित भूमि का पुनः मुआवज़ा भुगतान, और
- उमा तिवारी के नाम पर फर्जी दस्तावेज़ों से भूमि नामांतरण और मुआवज़ा वसूली।

जांच में पाया गया कि राजस्व अधिकारियों और दलालों ने बैक डेट में फर्जी दस्तावेज़ तैयार कर भूमि का बंटवारा और नामांतरण करवाया, जिसके जरिए अधिक मुआवज़ा हासिल किया गया। इस प्रक्रिया से शासन को लगभग 28 करोड़ का नुकसान हुआ। वहीं, नायकबांधा जलाशय से संबंधित प्रकरण में पहले से अधिग्रहित भूमि पर पुनः मुआवज़ा भुगतान कर 2 करोड़ की हानि पहुंचाई गई। तीसरे प्रकरण में उमा तिवारी के माध्यम से फर्जी दस्तावेज़ों द्वारा 2 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ। इस प्रकार शासन को कुल मिलाकर लगभग 32 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

### अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत

चालान में यह भी स्पष्ट किया गया है कि राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों ने निजी दलाल हरमीत सिंह खनूजा और उसके सहयोगियों के साथ मिलकर किसानों को अधिक मुआवज़ा दिलवाने का लालच दिया। इस दौरान किसानों से कोरे चेक और आरटीजीएस फॉर्म पर हस्ताक्षर करवाकर मुआवज़े का बड़ा हिस्सा अपने खातों में ट्रांसफर कर लिया गया। सूत्रों के अनुसार, इस नेटवर्क ने योजनाबद्ध तरीके से सरकारी सिस्टम का दुरुपयोग किया। फर्जी बंटवारे और नामांतरण के लिए राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी, बैक डेट एंट्री, और कथित भूमिधारकों के नाम पर नकली दाखिल-खारिज दस्तावेज़ तैयार किए गए। इसके बाद मुआवज़े की राशि को दलालों और उनके सहयोगी फर्मों के खातों में ट्रांसफर किया गया।



### ईओडब्ल्यू ने 10 आरोपियों के खिलाफ पेश किया चालान

भारत माला परियोजना के मुआवजा घोटाले प्रकरण के करीब साल भर बाद ईओडब्ल्यू-एसीबी ने विशेष कोर्ट में सोमवार को चालान पेश कर दिया। इस मामले में 10 आरोपी बनाए गए हैं।हालांकि जांच एजेंसी ने जमीन कारोबारी हरमीत खनूजा समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया था जिन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इस प्रकरण पर दो एसडीएम समेत राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज हैं। साथ ही एनएचएआई के चार अधिकारियों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल मिलाकर 10 आरोपी बनाए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी सोमवार को करीब 8 हजार पन्ने का चालान पेश करेगी।यह बताया गया कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट लीक लीक गई, और फिर एक जमीन के अलग-अलग टुकड़े कर अधिक मुआवजा लिया गया। इसमें जमीन कारोबारियों की मिली भगत रही है। मुआवजा वितरण में भी गड़बड़ी की गई,और अपात्र लोगों को भी मुआवजा वितरण कर दिया गया।

## आवास योजना में छत्तीसगढ़ को देशभर में पहला स्थान,नवाचार और सुशासन ने दिलाई राष्ट्रीय पहचान

**रायपुर,13 अक्टूबर 2025।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जब नीयत साफ हो,नीति पारदर्शी हो और सिस्टम में नवाचार हो,तो किसी भी योजना को मिशन की तरह सफल बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में राज्य ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता सिर्फ आंकड़ों की नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन को बदलने वाली एक व्यापक सामाजिक पहल की तस्वीर है।

### 7.17 लाख से अधिक आवास पूरे

कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के दौरान साझा की गई रिपोर्ट के अनुसार,छत्तीसगढ़ को PMAY-G के तहत 18.12 लाख आवासों की स्वीकृति मिली थी, जिनमें से 22 महीनों में 7.17 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। 2016 से 2025 की अवधि में स्वीकृत 16.5 लाख आवासों में से 78 प्रतिशत निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। इस रफ्तार के साथ राज्य ने औसतन प्रतिदिन सबसे अधिक आवास पूर्णता दर हासिल करते हुए देश में टॉप रैंक प्राप्त किया है।



### पारदर्शिता और नवाचार बने छत्तीसगढ़ की ताकत

राज्य सरकार ने इस योजना के क्रियान्वयन में सुशासन और तकनीकी नवाचार को प्रमुखता दी। हेल्पलाइन,GIS आधारित पोर्टल,और डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम ने योजना की पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाया। राज्य में कार्यरत 5000 से अधिक आवास मित्रों और रोजगार सहायकों ने न सिर्फ निर्माण की रफ्तार बढ़ाई, बल्कि ग्रामीणों को सरकारी प्रक्रिया से जोड़ा और जागरूक किया।

**रेनवाटर हार्वेस्टिंग से जलसंकट का समाधान :** राज्य सरकार ने आवास निर्माण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण को भी प्राथमिकता दी है। 'मोर गाँव, मोर पानी' अभियान के तहत 1.5 लाख से अधिक आवासों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। महज 3000 रुपये से कम लागत में,यह प्रणाली न सिर्फ जल संकट को दूर कर रही है, बल्कि ग्रामीणों को दीर्घकालीन लाभ भी दे रही है।

**रोजगार,प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर :** छत्तीसगढ़ सरकार ने PMAY-G को सिर्फ एक आवास योजना नहीं रहने दिया,बल्कि इसे रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ा। 3000 से अधिक राजमिस्त्रियों को R-SETI के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। 8000 से अधिक लाभार्थियों को निर्माण सामग्री और केंद्रिंग प्लेट की आपूर्ति से स्वरोजगार के अवसर मिले।

## भूपेश के तंज पर पुरंदर का पलटवार! कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस को लेकर बयानबाजी तेज...

**रायपुर,13 अक्टूबर 2025।** कलेक्टर-SP कॉन्फ्रेंस को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के तंज पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि भूपेश बघेल को अपने कार्यकाल की असलियत याद करनी चाहिए, जब उन्होंने खुद एक बार भी कलेक्टर-SP कॉन्फ्रेंस आयोजित नहीं की।

**बड़बोले और भ्रष्ट हो चुके थे बघेल :** मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, भूपेश बघेल को अब सलाह देने से पहले अपना कार्यकाल याद कर लेना चाहिए। 5 साल की सरकार में उन्होंने न तो ऐसे कॉन्फ्रेंस किए, न ही कानून-व्यवस्था सुधारने की कोई गंभीर पहल की। जब तक वे मुख्यमंत्री थे, बड़बोले और भ्रष्टाचार में लिप्त थे। भूपेश बघेल ने बयान दिया था कि सरकार के पास विषय ही नहीं,



इसलिए कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस 2 दिन में समेटी जा रही है। इस पर भाजपा विधायक ने पलटवार करते हुए कहा सरकार चलाने के लिए अब बघेल जैसे लोगों की सलाह की जरूरत नहीं है। भाजपा सरकार पूरी तैयारी और विजन के साथ काम कर रही है।

**राजनीतिक बयानबाजी से गरमाई सियासत :** कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस जहां एक ओर प्रशासनिक समीक्षा का मंच बना, वहीं दूसरी ओर इसके बहाने सत्ता और विपक्ष के बीच सियासी आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हमलों के बाद भाजपा खेमे से यह अब तक का सबसे तीखा जवाब माना जा रहा है।

## रिसोर्ट में रुकी डांसर सपना चौधरी को मिली हत्या की धमकी

**कोरबा,13 अक्टूबर 2025।** हरियाणवी डांसर सपना चौधरी का पहली बार ऊर्जा नगरी कोरबा में हुआ कार्यक्रम अव्यवस्थाओं और हंगामे की भेंट चढ़ गया। पहली ही यात्रा में सपना ने कोरबा का जो अनुभव लिया,वह कड़वा साबित हुआ। सपना ने एसपी को दिए अपने लेटर में बताया है कि देर रात जश्न रिसोर्ट में हुए कार्यक्रम के बाद जब सपना अपने कमरे में आराम कर रही थीं,तभी रात को साढ़े 12-1 बजे चार लोगों ने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की, गाली-गलौज की और गोली मारने की धमकी दी। सपना के अनुसार, उनकी टीम के साथ मारपीट की गई और भीड़ उकसाकर माहौल बिगाड़ा गया। हालात इतने बिगड़ गए कि यदि रिसोर्ट मालिक



करणदीप समय पर मदद न करते और पुलिस टीम न पहुंचती,तो कोई अनहोनी हो सकती थी। इस घटना के बाद जश्न रिसोर्ट के मालिक करणदीप ने चारों आरोपी कार्यक्रम आयोजक अमित नवरंगलाल, अनिल द्विवेदी, युगल शर्मा, सुजल अग्रवाल के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## मंत्री के निज सचिव की पत्नी ने सड़क पर काटा केक

### हाईकोर्ट नाराज सरकार और स्वास्थ्य मंत्री को सख्त कार्रवाई का निर्देश

**रायपुर,13 अक्टूबर 2025।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निज सचिव राजेंद्र दास ने अपनी पत्नी का बर्थडे सड़क पर सेलीब्रेट किया। पत्नी ने सड़क पर लग्जरी कार की बोनट पर केक काटा,फिर जमकर आतिशबाजी भी की। इस पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। सरकार को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश अमितेंद्र प्रसाद की खंडपीठ ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। साथ ही सरकार को भी कहा कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें। वहीं सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी भी की गई है। भाजपा नेता राजेंद्र दास की पत्नी के बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो गुरुवार रात का बताया जा रहा है। कांग्रेस ने सड़क पर बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। साथ ही



पूछा कि क्या हाईकोर्ट का नियम सिर्फ आम जनता के लिए है,भाजपा नेताओं और उनके सहायकों पर नियम लागू नहीं होता क्या ?

**कांग्रेस ने वीडियो पोस्ट कर उठाए सवाल :** सड़क पर बर्थडे सेलिब्रेशन को लेकर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। ऐसे कई मामलों में सख्त टिप्पणी भी की है। इसके बाद भी सड़कों पर सेलिब्रेशन का सिलसिला जारी है। वहीं अब कांग्रेस ने भाजपा नेता की पत्नी का सड़क पर बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। कांग्रेस ने लिखा था कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निज सचिव राजेंद्र दास, जो खुद भाजपा नेता भी हैं। सड़क पर खुलेआम पत्नी का जन्मदिन मना रहे हैं। पटाखे फोड़कर आतिशबाजी के बीच सड़क को निजी जागीर बना दिया गया।

**वायरल वीडियो में क्या है :** मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निज सचिव राजेंद्र दास की पत्नी के बर्थडे सेलिब्रेशन के वीडियो में दिख रहा है कि उनकी पत्नी सड़क पर केक लेकर खड़ी हैं। उनके साइड में सड़क पर ही पटाखे फूट रहे हैं। इसके कुछ देर बाद राजेंद्र दास की पत्नी केक लेकर गाड़ी के पास जाती हैं। सफेद कलर की लग्जरी गाड़ी की बोनट पर केक रखती हैं। इसके बाद वह केक काटती हैं। वहीं सामने से वीडियो भी बने रहे हैं, जिसमें राजेंद्र दास की पत्नी पोज देती हुई नजर आती हैं। इसके अलावा इसी वीडियो को राजेंद्र दास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपनी पत्नी को बधाई दी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)